

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 10 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -42 ■ अंक-042 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जातिवादी बयान पर भड़के चीफ जस्टिस

**बड़े पदों पर पहुंचने के बाद भी खुद को कोई शोषित मानता है तो इसमें ब्राह्मणों की क्या गलती**

**नई दिल्ली,10 मई।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से प्रसारित किए जा रहे एक जातिवादी और भ्रामक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस तरह की पोस्ट को नीच, ढीठ और शरारतपूर्ण बताते हुए चेतावनी दी है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून की पूरी शक्ति के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद के साथ एक काल्पनिक उद्धरण जोड़ना न केवल बेईमानी है, बल्कि सामाजिक उकसावे की एक जानबूझकर की गई साजिश है।



सीजेआई ने विशेष रूप से एक्स पर एक अकाउंट द्वारा किए गए पोस्ट का उल्लेख किया। इस पोस्ट में हिंदी में एक बयान को सीजेआई सूर्यकांत के नाम से प्रचारित किया जा रहा था, "अगर कोई समाज अपने लोगों के बीच से आईएएस, आईपीएस, सीजेआई , राष्ट्रपति और पीएम पैदा करने के बाद भी खुद को शोषित ही मानता है तो गलती ब्राह्मणों की नहीं बल्कि उसकी अपनी मानसिकता की है।" मुख्य न्यायाधीश ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इन दावों को पूरी तरह से निराधार, दुर्भावनापूर्ण और स्पष्ट रूप से गलत करार दिया। उन्होंने इसे संवैधानिक मूल्यों का अपमान बताते हुए कहा, "देश के चीफ जस्टिस के नाम से एक काल्पनिक उद्धरण बनाना सरासर बेईमानी, जानबूझकर किया गया सामाजिक उकसावा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अवमानना है। इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना आचरण न्यायपालिका और कानून के शासन में जनता के विश्वास की नींव को कमजोर करता है।"सीजेआई ने सभी जिम्मेदार नागरिकों, मीडिया संगठनों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से आग्रह किया है कि वे इस तरह की झूठी और मनगढ़ंत सामग्री को साझा या प्रचारित करने से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि यह फर्जी टिप्पणी उनके विचारों और चरित्र को नहीं दर्शाती है।बयान में अंत में यह स्पष्ट किया गया कि जो लोग इस तरह की फर्जी खबरों और भ्रामक टिप्पणियों को फैला रहे हैं, उन्हें कानून की पूरी ताकत का सामना करना होगा। सीजेआई के कार्यालय ने इस मामले को गंभीर मानहानि और न्यायिक कार्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य माना है।

## 'थलापति' विजय का 'नायक' अवतार

**चेन्नई,10 मई।** तमिलगा वेत्री कड़गम चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। इसी से साथ ही तमिलनाडु में आज से विजय युग की शुरुआत हो गई है। सीएम बनते ही 'थलापति' विजय का 'नायक' (अनिल कपूर की फिल्म वाली छवि) अवतार देखने को मिला है। तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनते ही विजय ने आम जनता के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया है। जबकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स की फाइल पर भी साइन किए। सीएम विजय ने पिछली डीएमके सरकार पर राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लादने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बतौर मुख्यमंत्री विजय ने इंडोर स्टेडियम में पहली स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट फ्री बिजली देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल बनाने वाली फाइल साइन की। सीएम विजय ने अपने पहले भाषण में कहा कि वो किसी शाही खानदान से नहीं हैं। लोगों ने उनका स्वागत किया, उन्हें अपनाया है। इसलिए झूठे वादों से लोगों को धोखा नहीं देंगे।

**सीएम बनते ही 200 यूनिट फ्री बिजली और महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स का गठन किया, पीएम मोदी ने दी बधाई**



### विजय की स्पीच 6 पॉइंट्स में

- राज्य के वित्त पर एक 'श्वेत पत्र' जारी करेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और हम आगे बढ़ सकें।
- हमें काम करके दिखाने के लिए उचित समय दें।
- ड्रग्स के खिलाफ सख्त एक्शन होगा।
- लोगों का एक भी पैसा नहीं छुआ जाएगा।
- विजय के अलावा सत्ता का कोई और केंद्र नहीं होगा; सत्ता का एकमात्र केंद्र विजय ही होंगे।
- नई शासन व्यवस्था की शुरुआत हो रही है; अब असली, धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत हो रही है।
- CM विजय ने कांग्रेस, VCK और वामपंथी दलों को उनकी पार्टी को सरकार बनाने में समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया।

### मोदी ने विजय को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- थिरु सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर बधाई। उनके आगे के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी।

## रंगासामी 13 को लेंगे पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नई दिल्ली,10 मई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को एन रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है. गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है, ''राष्ट्रपति एन रंगासामी को पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त करते हैं, जो उनके शपथ ग्रहण की तिथि से प्रभावी होगा.'' आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अधिसूचना के बाद उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने रंगासामी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया.केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को हुए चुनाव में AINRC के नेतृत्व वाले एनडीए की शानदार जीत के बाद एन. रंगासामी पांचवीं बार मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए तैयार हैं.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को एन. रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया.

## हिमंता तीसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

**गुवहाटी,10 मई।** असम के अगले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा होंगे. बीजेपी की विधायक दल की बैठक में ये फैसला हुआ है. जेपी नड्डा ने हिमंत बिस्वा के नाम का ऐलान किया है. 12 मई को सुबह 11 बजे हिमंत बिस्वा सरमा तीसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. इसके साथ ही बीजेपी नेता हिमंता बिस्वा सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. असम में 12 मई को नई बीजेपी सरकार का शपथ ग्रहण होगा. इससे पहले पार्टी ने फैसला लिया है कि हिमंता बिस्वा सरमा तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे.असम भाजपा विधायक दल की बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा के नाम पर मुहर लगा दी गई है. राज्य की राजनीति में अपनी रणनीतिक कुशलता और विकासवादी छवि के लिए जाने जाने वाले सरमा लगातार दूसरी बार राज्य की कमान संभालेंगे. वह 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. 4 मई को आए नतीजों में बीजेपी ने राज्य की 126 में से 82 सीटों पर बंपर जीत हासिल की थी.

## चंगाई सभाओं को लेकर बवाल

**धमतरी,10 मई।** शहर में रविवार को हिंदू जागरण मंच ने अलग-अलग वार्डों में चली रही कथित चंगाई सभाओं में पहुंचकर विरोध किया. इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं और सभा संचालकों के बीच जमकर बहस और नोकझोंक भी देखने को मिली। हिंदू जागरण मंच का आरोप है कि बिना प्रशासनिक अनुमति और धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के नियमों का पालन किए बिना चंगाई सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, जबकि पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है. जानकारी के मुताबिक, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में कई जगहों पर चल रही चंगाई सभाओं में पहुंचकर विरोध जताया. कानून के तहत धर्म परिवर्तन से जुड़े मामलों में निर्धारित प्रक्रिया और सूचना देना अनिवार्य है. लेकिन इसका कई स्थानों में इसका पालन नहीं किया जा रहा है. संगठन का आरोप है कि इन सभाओं में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हो रहे हैं. वह खुद को मूल धर्म में बताते हुए भी चंगाई सभा से जुड़े हुए हैं. हिंदू जागरण मंच ने इसे कानून के उल्लंघन की स्थिति बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. वहीं विरोध के दौरान कुछ स्थानों पर चंगाई सभा संचालकों और हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस और नोकझोंक भी हुई, जिससे मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना रहा.

## भारत में संसद नहीं, संविधान सर्वोच्च: गवई

**कोलंबो,10 मई।** पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में शक्ति का कोई एक केंद्र नहीं होता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश



में संसद नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है। कोलंबो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित '19वें सुजाता जयवर्धने मेमोरियल ओरेशन' में उन्होंने कहा कि शासन के तीनों अंग – विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका – अपनी शक्ति संविधान से प्राप्त करते हैं और उसी के दायरे में बंधे हैं। गवई ने शनिवार को कहा कि भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में शक्ति का कोई एक केंद्र नहीं होता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश में संसद नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है।भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र सत्ता के किसी एक केंद्र के इर्द-गिर्द स्थित नहीं होता है और देश में संसद नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है. कोलंबो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 19वें सुजाता जयवर्धना स्मृति व्याख्यान में, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि संसद और न्यायपालिका के बीच टकराव के कारण ऐसे संघर्षों के प्रबंधन के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों और सिद्धांतों का विकास हुआ है. पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि संसद (विधायिका), कार्यपालिका (सरकार) और न्यायपालिका नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है. उन्होंने जोर देकर कहा कि तीनों को संविधान से अधिकार प्राप्त होता है और तीनों इससे बंधे हुए हैं.उन्होंने कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र सत्ता के किसी एक केंद्र के इर्द-गिर्द स्थित नहीं होता. यह ऐसी व्यवस्था नहीं है, जिसमें कोई एक संस्था असीमित अधिकार का प्रयोग करती हो. बल्कि, यह एक सुनियोजित व्यवस्था है, जिसमें शक्ति का वितरण किया जाता है और सीमा तय की जाती है.

## सीबीआई ने पकड़ा घूसखोर क्लर्क

**कोरबा,10 मई।** पीएफ का पैसा निकालने के लिए खदान कर्मी से रिश्वत मांगने वाले एसईसीएल कुसमुंडा के सीएमपीएफ विभाग में कार्यरत क्लर्क को सीबीआई की टीम ने रविवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया. सीबीआई की कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है. जानकारी के अनुसार, खदान कर्मी ने पीएफ का पैसा निकालने के लिए सीएमपीएफ विभाग में पदस्थ क्लर्क मनोहर लाल कौशिक से संपर्क किया था. क्लर्क ने पैसा निकालने के लिए कई बार चक्कर लगवाया, और अंत में रिश्वत की मांग की. इस पर खदान कर्मी ने सीबीआई को जानकारी दी. मामले की पड़ताल करने के बाद सीबीआई ने रिश्वत मांगने वाले मनोहर लाल कौशिक को पकड़ने के लिए रणनीति बनाई. रणनीति को अंजाम देते हुए भिलाई से दो गाड़ियों में सीबीआई की टीम कुसमुंडा पहुंची और योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत लेने वाले मनोहर लाल कौशिक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया. क्लर्क के पकड़े जाने के बाद कार्यालय में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है. सीबीआई की इस कार्रवाई से खदान कर्मियों में खुशी देखने को मिल रही है.

## मोदी ने कांग्रेस को एक परजीवी राजनीतिक शक्ति बताया

**बेंगलुरू,10 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को बेंगलुरु में एक जनसभा में कांग्रेस पार्टी की कड़ी आलोचना करते हुए विपक्ष पर अपने सहयोगियों और मतदाताओं दोनों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस को एक परजीवी राजनीतिक शक्ति बताया जो क्षेत्रीय दलों के शोषण पर जीवित रहती है। कर्नाटक में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की 45वीं वर्षगांठ के समारोह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादों, खराब शासन और आंतरिक सत्ता संघर्षों के कारण देशभर में जनता का विश्वास खो दिया है। मोदी ने कहा कि किसी भी कांग्रेसी राज्य सरकार को दोबारा सत्ता नहीं मिली है। सरकार बनने के कुछ ही महीनों के भीतर कांग्रेस के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर शुरू हो जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस को सिर्फ धोखा देना आता है। वे खुद झूठे हैं और उनके वादे भी झूठे हैं। कांग्रेस की सत्ता की किताब में शासन का अध्याय तो है ही नहीं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कांग्रेस पर अपने दीर्घकालिक सहयोगी डीएमके के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और कहा कि राजनीतिक समीकरण बदलते ही पार्टी अक्सर गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि परजीवी कांग्रेस को अब प्रासंगिक बने रहने के लिए किसी और पार्टी की जरूरत है, जिसके सहारे वह सत्ता में बनी रह सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी लगातार चुनावी हार को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और इसके लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं, अदालतों और संवैधानिक प्रक्रियाओं को दोषी ठहरा रहे हैं।



## प्रेमी के पहुंचने के बाद दूल्हे ने दुल्हन को ठुकराया

**मनेंद्रगढ़,10 मई।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने रिश्तों और सामाजिक मर्यादाओं पर नई बहस छेड़ दी है। ग्राम पंचायत कठौतिया में जिस घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं और रिसेप्शन की दावत की तैयारी थी, वहां अचानक पहुंचे एक युवक ने ऐसा दावा किया कि दूल्हा-दुल्हन के सात फेरों का बंधन चंद घंटों में ही टूटने की कगार पर आ गया। पूरा मामला कठौतिया निवासी नवीन कुमार से जुड़ा है, जो पेशे से किराना व्यवसायी हैं। बीते 6 मई को बड़े ही धूमधाम और रीति-रिवाजों के साथ उनकी शादी कोड़ा की रहने वाली अनिता से हुई थी। 7 मई को दुल्हन विदा होकर अपने ससुराल पहुंची। घर में नई बहू के स्वागत और रिसेप्शन को लेकर उत्साह का माहौल था, लेकिन इसी बीच मयूर अग्रवाल नाम का एक युवक वहां आ धमका। ड्राय फ्रूट्स का व्यवसाय करने वाले मयूर ने ससुराल वालों के सामने जो दावा किया, उसने सबके होश उड़ा दिए। मयूर का कहना था कि दुल्हन के साथ उसका पिछले 3 साल से गहरा प्रेम संबंध है और वह उसके बिना नहीं रह सकता। बात सिर्फ दावों तक नहीं रुकी, युवक ने फोटो और वीडियो होने की बात भी कही। प्रेमी के इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद घर में विवाद की स्थिति बन गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा।

## मुख्यमंत्री साय हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में हुए शामिल



**रायपुर,10 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने हरिनाम संकीर्तन की परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## पाकिस्तान में पुलिस थाने पर आत्मघाती आतंकी हमला,3 की मौत

**करांची,10 मई।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती बम हमले में कम से कम तीन पुलिसकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमले के बाद सुरक्षाकर्मियों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने अशांत बन्नू जिले में एक पुलिस स्टेशन पर हुए एक बड़े आत्मघाती हमले को नाकाम कर दिया और विस्फोटकों से भरे वाहन को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मुहम्मद सोहेल अफरीदी ने फतेहखेल पुलिस स्टेशन पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया. आतंकवाद के खिलाफ जंग केवल खैबर पख्तूनख्वा की नहीं, बल्कि पूरे देश की है. पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती बम हमले में कम से कम तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए और कई अन्य घायल हो गए. हमले के बाद सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सुरक्षा बलों ने बन्नू जिले के फतेहखेल पुलिस स्टेशन पर हुए एक बड़े आत्मघाती हमले को नाकाम कर दिया और विस्फोटकों से भरे वाहन को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया. शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट के कारण आसपास के कई नागरिक घरों को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि कई घरों की छतें गिर गईं.

**इंडियन प्रीमियर लीग: 2026 के अंतर्गत आज मुंबई इंडियंस वि.रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मैच**

## जोश तो बनाए रखें परंतु बचे अनुशासनहीनता से

**जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ खेल पत्रकार, टीवी कॉमेंटेटर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज फिर इतिहास लिखा जायेगा। यहां पर भारत और विदेशी खिलाड़ियों से शामिल दो क्रिकेट टीम रायल चैलेंजर्स बेंगलूरू तथा मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियनशिप के अंतर्गत मुकबला होगा।

मेरी खेल पत्रकारिता के पिछले 47 वर्षों के दौरान 20 वीं सदी में छत्तीसगढ़ में किसी भी खेल में दो देशों के बीच संभवतः कोई अधिकृत मैच का आयोजन नहीं हुआ ।21 वीं सदी का आरंभ छत्तीसगढ़ के निवासियों के साथ खिलाड़ियों, खेलसंघ के पदाधिकारियों लिए खुशियों का अंबार लेकर आया जबकि मध्यप्रदेश से पृथक होकर छत्तीसगढ़ नया राज्य बना.राज्य बनते ही रायपुर में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के आयोजन का दौर प्रारंभ हुआ. सबसे पहले एशियाई शतरंज चैंपियनशिप फिर कैरम की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा हुई। लेकिन यह क्रम थम गया, इसकी सबसे बड़ी वजह उस समय छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों,खेल संघ के पदाधिकारियों आदि के लिए स्पर्धा के मापदंड अनुरूप विश्व स्तरीय मैदान, एरिना, कोर्ट, रिंग , पिच, फील्ड का ना होना प्रमुख था। इसके अलावा हवाई मार्ग संपर्क ,हवाई अड्डा तथा ठहरने के लिए गाइड लाइन के अनुसार होटल आदि की उपलब्धता नहीं होना प्रमुख कारण था। शतरंज और कैरम तो इंडोर हाल में खेले गये जिससे खिलाड़ियों,आयोजकों को कोई परेशानी नहीं हुई परंतु हाकी क्रिकेट,एथलेटिक्स,बेडमिंटन,टेबल टेनिस सायकलिंग,मुक्केबाजी, टेनिस, बास्केटबाल, वालीबाल आदि खेलों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विशेष तरह के सतह वाले इंडोर स्टेडियम की जरूरत होती है। खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यहां पर खेलकूद की अधोसंरचना का निर्माण लगातार हो रहा है। हाकी की सबसे प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 2014-15 हाकी एफआईएच हाकी वर्ल्ड लीग फाइनल का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में हुआ था। इसी तरह हमारे प्रदेश में क्रिकेट के एक दिवसीय, टी-20 प्रारूप में अंतर्राष्ट्रीय मैच हो चुके हैं। टेनिस में विश्व टेनिस संघ द्वारा मान्यता प्राप्त जूनियर वर्ग की स्पर्धा लगातार हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हाफ मेराथन, आमंत्रण बैडमिंटन इस तरह करीब सात आठ खेलों की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा संपन्न हो चुकी है। यह सच है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ ही पिछले 25 वर्षों में खेलकूद को अपनाने वालों के समक्ष आगे बढ़ने, अपनी खेल प्रतिभा को आंकने नये-नये खेलों को अपनाने का जो अवसर आया वह आगे भी आता रहेगा।

दूसरी तरफ भारतीय क्रिकेट टीम ने 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में क्रिकेट विश्वकप को जीता उसके बाद हमारे देश में क्रिकेट के लोकप्रियता की जो लहर चली उसने छत्तीसगढ़ के बच्चों से लेकर युवाओं तक को प्रभावित किया।

इस दौरान राजधानी रायपुर में 103 करोड़ की लागत से 65 हजार दर्शक क्षमता वाले अत्याधुनिक सुविधायुक्त खूबसूरत स्व. वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 2008 में हुआ। प्रसिद्ध राजनेता और खेल प्रशासक राजीव शुक्ला के छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के सदस्य चुने जाने और उनकी दिलचस्पी के कारण यहां पर पिछले तीन- चार वर्षों से क्रिकेट की अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाएं हो रही हैं। आज भारत की सबसे लोकप्रिय इंडियन प्रीमियर लीग के अंतर्गत आर.सी.बी. तथा एम.आई. क्रिकेट टीम के बीच टी-20 का मुकाबला रायपुर में होने जा रहा है। इस टीम के कप्तान इंदौर के रजत पाटिदार हैं और प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड हैं जबकि मुंबई इंडियन की टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या हैं साथ ही रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्य कुमार यादव, शार्दुल ठाकुर, रायन निकल्टन, क्वांटम डी काक, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल सेंटनर शामिल हैं।

10 मैच के बाद अंक तालिक में आरसीबी ने 10 मैचम से 06 जीत 04 पराजय के साथ 12 अंक अर्जित किए हैं। जबकि एमआई ने इस सत्र में बहुत खराब प्रदर्शन किया है और 10 मैच में से सिर्फ 3 में सफलता की है, जबकि 7 मैच में वह परास्त हुई है। उसके कुल 6 अंक हैं और 10 टीम की इस चैंपियनशिप में एमआई नौवें नंबर पर है। आरसीबी के लिए यह मैच जीतना जरूरी है क्योंकि वह फिलहाल चौथे स्थान पर है। ध्यान देने वाली और मुद्दे की बात यह है कि कोई टीम जीते या हारे समर्थक तो खुश या निराश होंगे। पसंद की टीम की हार- जीत चाहे किसी बल्लेबाज, गेंदबाज या क्षेत्ररक्षक के कारण हो सबसे बड़ा पाठ दर्शकों के लिए है कि ऐसे परिणाम से अपना आपा खोना नहीं है।छत्तीसगढ़ के खेल का भविष्य बहुत उज्जवल है अतः स्टेडियम में या स्टेडियम के बाहर कहीं के भी दर्शक हो। हमें अपने प्रदेश, देश की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए कोई भी अनावश्यक प्रदर्शन या अनुशासनहीनता नहीं दिखाना है, ऐसे करने से शायद वर्तमान खेल प्रेमियों का कोई नुकसान न हो परंतु आने वाली पीढ़ी को हानि होगी। निर्णय होने से पहले अंतिम गेंद फेंके जाने तक दिल थामकर बैठिये. आने वाला भविष्य नन्हें मुन्नों का है.हमारी शालीनता से और मैच होते रहेंगे अतः उन्हें संवरने दीजिए ताकि वे मैच देखकर सीख सके और अपना भविष्य उज्ज्वल कर सके .

# शहर की स्वच्छता और व्यवस्थित विकास है निगम की प्राथमिकता : आयुक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शुक्रवार को जोन-1 क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का सघन निरीक्षण कर विकास कार्यों और मानसून पूर्व तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा संपत्ति विरूपण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब पहुंचकर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तालाब परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने, खेल उपकरणों के संधारण तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद संजय नगर नाला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या से बचने के लिए नालों से गाद निकालने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। साथ ही रिटर्निंग वॉल निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। वार्ड क्रमांक-1 में उपचुनाव और लागू आदर्श आचार संहिता को देखते हुए आयुक्त ने क्षेत्र का विशेष निरीक्षण किया। इस दौरान सार्वजनिक दीवारों एवं सरकारी संपत्तियों पर लगाए गए अवैध पोस्टर, बैनर और वॉल पेंटिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को वार्ड सीमा के भीतर कोई नया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने को कहा। वहीं, लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व से चल रहे सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि शहर की स्वच्छता और व्यवस्थित विकास निगम की प्राथमिकता है। मानसून से पहले सभी नालों की सफाई और रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य पूरा करना अनिवार्य है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के पालन के तहत संपत्ति विरूपण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त ऐशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना तथा स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार डॉ. पंडा ने संभाला

भिलाई, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) में डॉ. अशोक कुमार पंडा ने शुक्रवा८र को अध्यक्ष एवं प्रबंध



निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व वह कंपनी में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे। साथ ही लगभग नौ माह तक उन्होंने निदेशक (वाणिज्यिक) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। डॉ. पंडा ने इलेक्ट्रिकल इंजीटिनयरिंग में बीई की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वर्ष 1992 में मैनेजमेंट ट्रेनी (तकनीकी) के रूप में सेल में अपने करियर की शुरुआत की थी। तीन दशक से अधिक के कार्यकाल में उन्होंने कंपनी के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं, जिससे उन्हें प्रचालन, वित्तीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. पंडा ने कहा कि सेल अब अपनी उत्पादन क्षमता को 35 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक बढ़ाने के लिए विस्तार के अगले चरण की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विस्तार के साथ-साथ सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। कच्चे माल की सुरक्षा के लिए घरेलू खनन को बढ़ावा देने एवं विदेशी संपत्तियों की खोज पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### तेज आवाज में डीजे बजाने पर मैरिज पैलेस पर की गई कार्रवाई




भिलाई, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के देर रात तक तेज आवाज में डीजे और लाउड स्पीकर बजाने के मामले में उमदा जयंती नगर भिलाई तीन स्थित मैरिज पैलेस के संचालक पर कार्रवाई की गई है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मां लक्ष्मी मैरिज पैलेस में तेज आवाज में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाए जाने की शिकायतें मिल रही थी रात 10 बजे के बाद भी तेज आवाज में संगीत बजने से बच्चों, वृद्ध व आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने जांच में पाया गया कि विवाह समारोह के दौरान समय सीमा के बाद भी तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम संचालित किया जा रहा था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आयोजन स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन के लिए आवश्यक अनुमति नियमों का पालन नहीं किया गया था इस? के बाद पुलिस ने धारा 152 बीएनएसएस के तहत प्रकरण तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की।

### आईपीएल सट्टा : दांव लगाते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के शक्तिनगर में आईपीएल सट्टा



खिलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आईपीएल क्रिकेट मैच में दांव लगाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मुखबिर की सूचना पर शक्ति नगर पानी टंकी के नीचे मैदान में मोबाइल फोन से क्रिकेट मैच पर सट्टा संचालित करने वाले को पकड़ा गया है आरोपी वार्ड – 18 शक्ति नगर दुर्ग निवासी मुकेश साहू है। आरोपी से पूछताछ करने पर मोबाइल फोन में व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा संलन करना स्वीकार किया आरोपी के पास से मोबाइल, नगदी 6, 300 रुपये कुल 56, 300 रुपये जब्त किया गया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत में बिछड़े परिवारों में लौटी खुशियां

# 31 हजार प्रकरणों का हुआ निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य में आज 9 मई को तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायमूर्ति महोदय रमेश सिन्हा, के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिसके पश्चात जिला कबीरधाम में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु0 संघरत्ना भतपहरी के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने सेल्फी प्वाइंट तथा स्वास्थ्य शिविर की भव्यता नेशनल लोक अदालत में देखते ही बन रही थी। जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिसमे पक्षकार अपनी मनमोहक फोटो तस्वीरों के माध्यम से जीवंत रख रहे थे। इस दौरान न्यायालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हुए पक्षकारों द्वारा स्वास्थ्य लाभ भी लिया जा रहा था।

उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 10 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जल कर से संबंधित प्रकरण रखे गये थे।

उल्लेखनीय है कि, नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कबीरधाम कु0 संघरत्ना भतपहरी द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में कुल 28, 60, 000/- रूपये का अवार्ड राशि पारित किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 02 में परिवार न्यायालय कबीरधाम में पीठासीन अधिकारी प्रवीण कुमार प्रधान, द्वारा परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण में कुल 25 प्रकरण का निराकरण करते हुए वैवाहिक संबंधों में मधुरता स्थापित करते हुए सुखद दाम्पत्य का पुर्नस्थापन किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 03 में पीठासीन अधिकारी श्रीमती योगिता विनय वासनिक द्वारा विद्युत प्रकरण में कुल 2, 78, 997/- रूपये राशि का वसूली करते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी अनुक्रम में राजस्व न्यायालय में कुल 22589 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए लाभान्वित हितग्राहियों को कुल 10, 38, 17, 286/- रूपये का निराकरण किया गया। इस प्रकार जिला कबीरधाम अंतर्गत परिवार न्यायालय, कबीरधाम में उक्त लोक अदालत में वैवाहिक प्रकरणों में 25 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 1, 35, 900/- रूपये का निराकरण, नगर पालिका कबीरधाम द्वारा जलकर तथा अन्य कर से संबंधित मामलों में 184 प्रकरण में 1, 20, 107/-रूपये की वसूली की गई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 31734 लंबित प्रकरण में कुल 10, 77, 03, 433 /- रूपये का निराकरण किया गया।

वहीं परिवार न्यायालय में एक अन्य मामले में एक नवविवाहित दम्पत्ति जिनका विवाह वर्ष 2025 में संपन्न हुआ था। उनके मध्य मात्र 20-25 दिन बाद से ही उनके बीच विवाद होने से वह दोनों एक-दूसरे से अलग रहने लगे थे और पत्नी द्वारा अपने पति के विरूद्ध परिवार न्यायालय, कबीरधाम में मामला प्रस्तुत किया गया था। परिवार न्यायालय के पीठासीन न्यायाधीश के द्वारा उनके मध्य परामर्श कार्यवाही की गई, जिससे वह दोनो पति-पत्नी द्वारा उनके मध्य उत्पन्न सभी विवादों को भुलाकर पुनः एक साथ रहने हेतु सहमति प्रदान की गई। इस प्रकार दाम्पत्य जीवन में पुनः समझौता के आधार पर खुशहाल जीवन का एकीकरण संपन्न हुआ।



### शराब के कारण बिखर चुके परिवार का हुआ एकीकरण

परिवार न्यायालय कबीरधाम में शराबी पति के शराब पीकर अपनी पत्नी तथा 02 बच्चों को परेशान किया जाता था तथा आय के सभी राशि को शराब में ही खर्च कर दिया जाता था।

जिससे उस पत्नी द्वारा अपने तथा अपने दो बच्चों के भविष्य को देखते हुए पति से अलग रहकर पति से भरण-पोषण प्राप्त करने हेतु मुकदमा परिवार न्यायालय में संस्थित किया गया था। जिससे पीठासीन अधिकारी के द्वारा उभय पक्षों से बातचीत कर कौटुम्बिक विवाद के वैकल्पिक समाधान के सभी माध्यमों से अवगत कराया गया जिससे उक्त दम्पति द्वारा एक साथङ्कसाथ रहकर जीवन यापन करना स्वीकार किया गया। इस प्रकार विभक्त हो चुके परिवार का एकीकरण लोक अदालत के माध्यम से साकार हुआ।

## 13 लाख के दावे का मामला न्यायालय ने किया खारिज

**भिलाई, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चतुर्थ अपर जिला न्यायालय दुर्ग ने पिता द्वारा पुत्र के खिलाफ दायर 13 लाख रुपये के दावे को खारिज कर दिया है। न्यायालय



ने अपने आदेश में कहा कि प्रस्तुत दस्तावेज और साक्ष्य दावे को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह आदेश 22 अप्रैल 2026 को पारित किया गया। प्रकरण के अनुसार वादी नंद किशोर खंडेलवाल ने अपने पुत्र सुधांशु खंडेलवाल के विरुद्ध दावा प्रस्तुत किया था। वादी ने न्यायालय को बताया कि दोनों पक्ष मिलकर बीएसपी के नियमित कार्यों के साथ-साथ ट्रांसपोर्टिंग, लोडिंग-अनलोडिंग और सिविल कार्यों के ठेके का व्यवसाय करते थे। वर्ष 2017 में पुत्र को ठेका कार्य में नुकसान होने के कारण आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से पिता ने विभिन्न किश्तों में लगभग 13 लाख रुपये प्रदान किए थे। वादी के अनुसार यह राशि चेक के माध्यम से 3 लाख, 5 लाख और 5 लाख रुपये के रूप में दी गई थी। बाद में इलाज के लिए हैदराबाद जाने के दौरान पैसों की आवश्यकता होने पर पिता ने पुत्र से राशि वापस मांगी, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। वादी ने आरोप लगाया कि रकम मांगने पर पुत्र ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इस संबंध में थाना नेवई में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 506 और 507 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय में दोनों पक्षों की ओर से दस्तावेज और तर्क प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने कहा कि वादी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य समयबद्ध और संदेह से परे तरीके से दावे को सिद्ध नहीं कर सके। इसी आधार पर अदालत ने 13 लाख रुपये का दावा खारिज कर दिया। मामले में प्रतिवादी सुधांशु खंडेलवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद एवं सहयोगी अधिवक्ता कु. हेमलता साहू ने पैरवी की, जबकि वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी अहमद चेंबर के प्रभारी जयराम पासी ने दी।

# लोको पायलट के घर लाखों की चोरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** सुपेला के राधिका नगर निवासी रेलवे में लोको पायलट के घर पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर सोने चांदी के जेवरात सहित एक लाख रुपए का कैश ले जाने में सफल हो गए घर को सूना छोड़ पूरे परिवार सहित शादी में जाना लोको पायलट को भारी पड़ गया सुपेला थाना क्षेत्र के राधिका नगर निवासी रेलवे लोको पायलट त्रिलोकी नाथ घर के सामने वाले दरवाजे पर ताला लगाकर परिवार सहित शादी में गए थे। रात एक बजे वापस लौटे तो उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी मिली। रात में ही पुलिस को सूचना दे दी गई आज सुबह सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि घर के सामने के दरवाजा में ताला लगा हुआ था। लेकिन पीछे का दरवाजे और खिड़की को लॉक नहीं किया गया था। चोर पीछे का बाउंड्री वॉल फांदने के बाद पीछे के बिना लॉक वाले दरवाजे से मकान में पहुंचे और आलमारी खोलकर चोरी की वारदात कर उसी रास्ते से भाग निकले।

# प्रथम बीएमडीसी प्राइड कॉम्पिटिशन का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रथम बीएमडीसी प्राइड कॉम्पेटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने कार्य अनुभव, ज्ञान साझाकरण, नवाचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का प्रदर्शन किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुश्री वैभव लक्ष्मी दुबे ने प्रथम बीएमडीसी प्राइड उपाधि हासिल की। समारोह में विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक एवं सहभागितापूर्ण पहल ट्रेड अप्रेंटिस के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता की परिकल्पना महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय द्वारा की गई थी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रबंधक सुश्री अवंती वचुला एवं उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला के निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।

## नगर निगम रिसाली के पुरैना में आयोजित

# सुशासन शिविर में 368 आवेदन प्राप्त, मौके पर 71 प्रकरणों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 10 मई।** नगर निगम रिसाली के पुरैना स्थित सुशासन शिविर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 368 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 71 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह की पहल पर 29 वर्षीय देवेन्द्र कौशल का आधार कार्ड बनाया गया। देवेन्द्र एक आंख से दृष्टिबाधित हैं और तकनीकी कारणों से कई बार प्रयास के बावजूद उनका आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। शिविर में हितग्राही के अनुरोध पर कलेक्टर ने आधार कार्ड बनाने वाली अधिकृत एजेंसी से समन्वय कर मौके पर ही आधार कार्ड बनवाया। देवेन्द्र दो बच्चों के पिता हैं और लंबे समय से इस समस्या से परेशान थे। सुशासन शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना क्षेत्र के 26 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस वितरित किए। विधायक ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा की गई। वहीं परिवहन विभाग के स्टॉल में लर्निंग लाइसेंस वितरण किया गया। विधायक ललित चंद्राकर गोद भराई कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बालिकाओं को स्वच्छता किट वितरित की। शिविर में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सदस्य रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल तथा विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण करने के साथ ही आवेदन लेकर पहुंचे नागरिकों से सीधे चर्चा की। उन्होंने पेयजल, पट्टा एवं अतिक्रमण संबंधी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही अधिकारियों से कहा कि आवेदन की गंभीरता को समझते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। शिविर में एक हितग्राही को मृत्यु प्रमाण पत्र भी तत्काल बनाकर प्रदान किया गया।



## समाचार संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** सुपेला थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे में दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि हेमिन बाई पटेल (60 साल ) अपने देवर प्रहलाद पटेल के साथ डौंडीलोहारा के सोरली से रायपुर कोटा एक्टिवा में अपने बेटे-बहू और पोते से मिलने जा रही थी कि नेहरू नगर चौक के आगे पहुंचे ही थे कि अज्ञात ट्रेलर ने पीछे से ठोकर मार दी। इस हादसे में हेमिन बाई पटेल (60 साल ) की मौके पर ही मौत हो गई बताया जाता है कि 2-3 दिन पहले ही उसके बेटे-बहू का बच्चा हुआ है जिस से मिलने मृतक जा रही थी पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### मालिक के मोबाइल से अपने खाते में 1.67 लाख ट्रांसफर करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** घर में केयर टेकर का कार्य करने वाले युवक ने मालिक के मोबाइल से 1.67 लाख ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर अपने खाते में ट्रांसफर कर दिया। मामले में भिलाई नगर थाने पुलिस ने केयर टेकर को गिरफ्तार कर लिया है।

भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि 8 मई को प्रार्थिया डॉ. पूर्णिमा राज कछवाहा निवासी तालपुरी ए-ब्लॉक ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके यहां केयर टेकर का कार्य करने वाला तीरथ चौधरी उर्फ अन्नू ने उनके पति के मोबाइल का उपयोग करते हुए बिना जानकारी दिए यूपीआई माध्यम से अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 1, 67, 000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में धारा 316 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी जानकारी एवं बैंक ट्रांजेक्शन विवरण के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया।

आरोपी तिरथ चौधरी उर्फ अन्नू (20) से पूछताछ करने पर उसके द्वारा रकम ट्रांसफर करना स्वीकार किया।

### बंगाल, असम व पांडिचेरी की जीत पर भाजपा ने बंछोर के नेतृत्व में मनाया विजयोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 10 मई।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा बंगाल, असम और पांडिचेरी राज्यों के चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए भव्य आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी रेखराम बंछोर, जिला सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश्वरी रेड्डी, मंडल महामंत्री ओमप्रकाश साहू एवं ध्रुव देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, सुनीता पांडे, मंत्री कामीन साहू, दुर्गा देवांगन, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, मीडिया प्रभारी संजय यादव, आईटी सेल प्रभारी शंकर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, महामंत्री प्रिया गुप्ता, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, अश्वनी यादव, व्यापारी संघ अध्यक्ष अंजेश अग्रवाल, समाजसेवी रमेश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पावर हाउस बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग पर रील बनाने का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 मई।** छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग पर रील बनाते समय तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद छावनी थाने पुलिस ने दो युवकों को पकड़कर कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि पुलिस को मोबाइल वाट्सएप के माध्यम से एक वीडियो मिला। इसमें पावर हाउस बस स्टैंड के पास रायपुर-दुर्ग मुख्य मार्ग पर मोटर सायकल एवं बुलेट वाहन चालक द्वारा इंस्टाग्राम रील बनाने के दौरान तेज एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए देखा गया। प्राप्त वीडियो के आधार पर थाना छावनी पुलिस ने तत्काल जांच कर वाहन चालकों की पहचान की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आकाश पाण्डेय एवं रितेश साहू निवासी प्रगति नगर, नेहरू चौक, कैम्प-01 बताया।

आरोपियों का कृत्य सार्वजनिक मार्ग पर अन्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा पाया गया। मामले में आरोपी आकाश पाण्डेय एवं आरोपी रितेश साहू के विरुद्ध धारा 281 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## एक नजर

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओम प्रकाश शर्मा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 09.05.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैंदा धान मण्डी गंधीरवा पेड के पास में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3500 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शहर में सट्टा खाईवाल घनश्याम भारती को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भैंसापसरा बलौदाबाजार में मोबाइल एवं अन्य माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया को गिरफ्तार कर आरोपी से नगदी रकम ?4120, एक मोबाइल एवं सट्टा-पट्टी जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध क्र. 354/2026 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया था। प्रकरण में आरोपी से विस्तृत एवं गहन पूछताछ, आरोपी से जप्त मोबाइल के तकनीकी विश्लेषण से बलौदाबाजार शहर में सट्टा खाईवाल के माध्यम से सट्टा पट्टी का खेल संचालित होने के संबंध में पता चला। की प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ, परिस्थितिजन्य साक्ष्य, जप्त मोबाइल के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सट्टा खाईवाल घनश्याम भारती को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी उत्तर कुमार रात्रे के माध्यम से बलौदाबाजार शहर में सट्टा पट्टी संचालित करना तथा इसके माध्यम से प्राप्त रकम का खाईवाली करना स्वीकार किया गया।



### नगरीय प्रशासन विभाग में इंजीनियरों का हुआ तबादला

**रायपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ इंजीनियरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत राज्य के विभिन्न निकायों में पदस्थ कार्यपालन और सहायक अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार लाल महेंद्र प्रताप सिंह कार्यपालन अभियंता को नगर निगम रायपुर से नगर निगम बिलासपुर भेजा गया है। इसी प्रकार दिनेश नेताम कार्यपालन अभियंता को कवर्धा से स्थानांतरित कर संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। अभियंताओं की नई पदस्थापना में बृजेश श्रीवास्तव सहायक अभियंता को कोण्डागांव से बिलासपुर और ललित कुमार त्रिवेदी सहायक अभियंता को भी बिलासपुर में प्रभारी कार्यपालन अभियंता की कमान सौंपी गई है। दुर्ग क्षेत्र में भी बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत सी.बी. परगनिहा सहायक अभियंता को दुर्ग से धमतरी, हेमन्त कुमार साहू सहायक अभियंता को भिलाई-चरौदा से नगर निगम दुर्ग और चन्द्रशेखर सारथी सहायक अभियंता को रायगढ़ से नगर पालिका चांपा भेजा गया है। वहीं नवा रायपुर में पदस्थ गगन वासन अब नगर निगम जगदलपुर में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

# शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण को बुलडोजर से तोड़ा गया

**■ ग्राम पंचायत मरमुंदा के तालाब किनारे बने अवैध दुकान हटाए गए**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मुरमुंदा 10 मई।** डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम मुरमुंदा के तालाब के सामने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण अवैध अवैध निर्माण पर शासन प्रशासन द्वारा बुल्डोजर कार्यवाही की गई है। आपको बता दें कि गांव के मोहन बघेल पिता स्व. गौतर बघेल वार्ड नंबर 02 सतनामी पारा के द्वारा तालाब से लगी शासकीय भूमि पर बिना पंचायत की अनुमति के अवैध दुकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे ग्रामीणों सहित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अवैध निर्माण कार्य ना कराने की समझाइश दी गई थी परन्तु अतिक्रमणकारी द्वारा अवैध निर्माण कार्य जारी रखा गया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामवासियों और ग्राम पंचायत मरमुंदा के सरपंच व समस्त वार्ड पंचों सहित ग्रामीणों के द्वारा डोंगरगढ़ तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन के माध्यम से अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगा शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई थी। शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमकारी को दो दिवस के अंदर निर्माण कार्य रोककर अतिक्रमण मुक्त करने निर्देशित किया गया था परन्तु समय सीमा के अंदर कब्जा नहीं हटाने के बाद डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव के दिशा निर्देश पर शनिवार को डोंगरगढ़ राजस्व अमला व पुलिस बल के द्वारा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चला तोड़फोड़ की कार्यवाही करते हुए शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बुल्डोजर कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव अतिरिक्त तहसीलदार श्री मेरिया, पटवारी अनिल वर्मा, सरपंच खेमचंद सोरी, सचिव नारायण देवांगन, आरआई, सहित ग्राम पंचायत के सभी वार्ड के महिला व पुरुष पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मोहतरा शिविर में 18 गांव के लोगों की सुनी गई समस्याएं

**■ मौके पर 225 आवेदनों का किया गया निराकरण, विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 10 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मोहतरा (क ) में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में मोहतरा (क )सहित 18 ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविरए प्राप्त 500 आवेदनों में से 225का मौक़े पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे,भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी 5 टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी की प्रतिम,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे हो इस उद्देश्य जिले में कुल 49 शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्राप्त अधिक से अधिक आवेदनों का आज ही निराकरण करना हैं एवं जिनका निराकरण आज नहीं हो पायेगा उसका भी जल्द निराकरण सम्बंधित विभाग को करना हैं। उन्होंने बताया कि आज इस शिविर में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट का कैम्प लगाया गया हैं जिसमें निःशुल्क जांच व दवाई दी जा रही हैं। इस यूनिट के द्वारा अब दवाई को पैकेट में देने की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत सभी घरों में सोखता गड्ढा निर्माण के साथ ही खेतों में डबरी निर्माण को भी जरुरी बताया। उन्होंने जनगणना कार्य अंतर्गत मकान सूचीकरण व गणना में प्रगणको को सहयोग करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहु,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री मानिकपुरी,जनपद सभापति मोरध्वज पैकरा, जनपद सदस्य मेला राम साहु, एसडीएम आरआर दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खड़ी डंपर को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मारी,चालक की मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोगरगढ. 10 मई।** नगर से समीप ग्राम अछोली में बीती रात खैरागढ़ डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग अछोली नाला के पास खड़े डंपर को पीछे से स्कार्पियो के जोरदार टक्कर से स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी अनुसार स्कार्पियो चालक नाँगतराई निवासी विजय पटेल गांव के ही महेंद्र द्बस्त्रद्धष् के स्कॉर्पियो को बुकिंग में बाराती को राजनंदगांव छोड़कर डोंगरगढ़ लगभग रात्रि 2:00 बजे आया एवं चाय पीने के लिए अछोली स्थित ढाबा गया था जहां से चाय पीने के पश्चात अपने गांव नागतराई के लिए निकला ही था झबकी लगने से रोड पर खराब खड़े डंपर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कॉर्पियो चारपहिया वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक विजय पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मौके पर उपस्थित एवं डंपर ड्राइवर की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया।

## ग्राम नवागांव में चोरी के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 मई।** प्रार्थी खेलूराम कोसले निवासी ग्राम नवागांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 08.05.2026 के शाम लगभग 07 :00 बजे उसके फ्फ़ीरा भाठा बोर प्लाट में रखे ट्रैक्टर का लोहे का हब को आरोपी द्वारा अपने मोटरसाइकिल में रखकर चोरी कर ले जाया जा रहा था, जिसे प्रार्थी के बोर प्लाट के पास रहने वाले चमन लाल गेण्डरे द्वारा देखकर रोका गया एवं उसकी सहायता एवं सजगता से आरोपी संजय यादव को पकड़ा गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 202/2026 धारा 303(2) बीजनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी संजय यादव को हिरासत में लिया गया तथा घटनास्थल जांच एवं निरीक्षण पश्चात आरोपी से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थी के बोर प्लाट से लोहे का हब चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी से चोरी का लोहे का हब एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल ष्ट्र04 क्र 4466 को जप्त किया गया है तथा आरोपी को आज दिनांक 09.05.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## पीएम सुरक्षित मातत्व अभियान दिवस पर सीएचसी कसडोल का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 10 मई।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी एवं डीपीएम श्रीमती सृष्टि मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रसूति कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड, एनआरसी तथा निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर का अवलोकन कर मरीजों का हाल-चाल जाना गया । अभियान में कुल 68 गर्भवती हितग्राही पहुंचे जिनमें 16 उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामले पाए गए। इनमें 10 गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी की गई। इसके साथ ही महिला एवं पुरुष वार्ड निरीक्षण कर मरीजों से हाल चाल जाना साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की स्थिति को भी देख गया। सीएमएचओ ने निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का भी जायज़ा लिया । अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना भेले सहित अन्य स्टाफउपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन ने मोहितराम वर्मा की समस्या का लिया संज्ञान,जल्द समाधान का दिलाया भरोसा

**बलौदाबाजार, 10 मई।** विभिन्न न्यूज पोर्टल में प्रसारित समाचार का कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संज्ञान में लेकर मोहितराम वर्मा के ग्राम अर्जुनी में स्थित पुश्तैनी जमीन पर अतिक्रमण के मामले का जल्द समाधान के लिये एसडीएम बलौदाबाजार को निर्देशित किया। उन्होंने दस्तावेजों का जांच व परीक्षण कर नियमानुसार तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। प्रशासन के द्वारा समाधान का जल्द भरोसा दिलाने पर मोहितराम वर्मा ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए प्रशासन के प्रति आभार जताया हैं। उन्होंने कहा हैं कि 7 मई को मेरे द्वारा दिये आवेदन का प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करने और 15 दिन के अंदर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिये हैं जिस पर मुझे संतुष्टि हैं। एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी ने बताया कि श्री मोहितराम वर्मा निवासी ग्राम अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार द्वारा ग्राम अर्जुनी प. ह.नं. 10 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नंबर 183 रकबा 0.615 हेक्टेयर भूमि पर



अनावेदक हीरालाल, जवाहरलाल पिता मोहन लाल द्वारा अनाधिकृत कब्जा हटाये जाने हेतु आवेदन कलेक्टर जिला बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत कर अनिश्चित कालीन भूख हडताल एवं आत्मदाह किए जाने सूचना दी गई है। इस संबंध में कलेक्ट कुलदीप शर्मा के. निर्देश पर जिस पर एसडीएम एवं तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर उक्त संबंध में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है उक्त कार्यवाही में आवेदक द्वारा संतुष्टि जाहिर किया गया हैं।

## लूटपाट के 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 मई।** प्रार्थी चंद्रभान आवडे निवासी ग्राम भोरिंग जिला महासमुंद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.05.2026 को वह अपनी बेटी से मिलने ग्राम नवागांव आ रहा था। कि ग्राम जंगलोर के पास पहुंचने पर रास्ता भटकने पर वह पास ही खड़े आरोपियों से नवागांव का रास्ता पूछने के लिए रुका, जिस पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी को रास्ता बताने के नाम पर एक मोटरसाइकिल में बैठकर अपने पीछे-पीछे आने के लिए बोला गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा ग्राम नवागांव जाते समय रात्रि 23:30 बजे जंगलोर के गौटिया तालाब के पास रुककर प्रार्थी को डरा धमकाकर, बेल्ट से मारपीट कर प्रार्थी का मोबाइल एवं नगदी ?8000 लूट कर फ्फ़रार हो गए। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 201/2026 धारा 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। विवेचना क्रम में प्रार्थी से आरोपियों के हुलिए के संबंध में जानकारी लिया गया। साथ ही बीट प्रणाली के तहत उच्च कोटि की दक्षता प्रदर्शित करते हुए आसपास ग्रामों में प्रभावी आसूचना संकलन कर आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। कि इसी बीच पुलिस की लगातार छानबीन एवं मुखबिर सूचना पर आरोपी उबारनदास एवं धनंजय उर्फ सोनू खंडेलवाल को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा रात के समय रास्ता पूछने आए प्रार्थी के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल त्22 श्व 6081 एवं लूट का एक मोबाइल जप्त किया गया है तथा प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 09.05.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फ्फ़रार है जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

**21 लाख के लेन-देन पर तोड़ी चुप्पी, लगाए गंभीर आरोप**

# धोखाधड़ी के आरोपों पर दिनेश साहू बोले-कथा के नाम पर करोड़ों की उगाही हुई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 मई।** हालेकोसा निवासी दिनेश साहू ने अपने उनपर लगाए गए कथित धोखाधड़ी के आरोपों का खंडन करते हुए बयान जारी किया है। उन्होंने अपने विरुद्ध दर्ज प्रकरण को अनर्गल और निराधार बताते हुए कहा कि पुलिस ने उन्हें बिना सूचना दिए या बिना किसी ख़बर के प्राथमिकी दर्ज की है जो अपने आप में पुलिस के संदिग्ध मिलीभगत को दर्शाता है। उन्होंने अपने बयान में शिवपुराण कथा आयोजक दीपचंद रजक और उनके साथियों पर अंबागढ़ चौकी क्षेत्रवासियों से करोड़ो की वसूली का भी आरोप लगाया

दिनेश साहू ने पूरे घटनाक्रम की सिलसिलेवार जानकारी दी जो इस प्रकार है: मार्च के मध्य में दीपचंद रजक एवं उनके साथ कुछ लोग उनके छुरिया स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान में पहुंचते है। उनके द्वारा यह आग्रह किया जाता है चूंकि आपने पूर्व में दो बार अपने ग्राम हालेकोसा (छुरिया) में भव्य और विशाल शिवमहापुराण कराया है उसी तर्ज पर हमें भी अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में कथा करवाना है। आप पूज्य पंडित प्रदीप जी मिश्रा के कृपापात्र और उनके शिष्य है इसलिए आप कथा करवाने में एवं सीहोर से कथा लाने में हमारा सहयोग करें।

मैने तब स्पष्ट रूप में कहा कथा कि तारीखें अभी खाली नहीं मिल सकती अभी गर्मियों में टेंट पंडाल का खर्च ज्यादा आता है। आप लोग ठंड के मौसम में कथा करवाना। लेकिन दीपचंद रजक एवं साथियों द्वारा कहा गया हम पूरी व्यवस्था कर लेंगे आप कथा कि तारीख दिलवा दीजिए। मैने मई में उपलब्ध एक तिथि की जानकारी दी इस शर्त के साथ कि इस कथा के लिए कई यजमान प्रयासरत है जिसमें से एक यजमान रांची से भी है। यदि आप अप्रैल माह के पहले हफ्ते तक टेंट, पंडाल, एलईडी, सजावट, साउंड का 80त्न हिस्सा पहले जमा कर देंगे तो मैं प्रयास कर सकता हूं, श्री विठ्ठलेश सेवा समिति से निवेदन कर सकता हूं कि अंबागढ़ चौकी में कथा हो।



मैने यह भी स्पष्टरूप से कहा कि पैसे के लेन देन में मै शामिल नहीं होऊंगा। जितना भी ट्रांजेक्शन टेंट-पंडाल और अन्य खर्चे होंगे उन्हें अपने खाते से ट्रांसफर करना। इससे लेन देन का सबूत भी होगा और आपकी पूरी समिति के जानकारी में भी रहेगा। लेकिन उक्त लोगों द्वारा कहा गया ÷इतना बड़ा लेन देन हमने कभी किया नहीं है और सम्बंधित लोगों की पूरी जानकारी भी नहीं है इसलिए लेन देन आप भी करें। मेरे मना करने के बाद भी इन्होंने एक बार पांच लाख और एक बार सोलह लाख रुपए (कुल 21 लाख) जमा किया। इसके बाद मैने एडवांस के रूप में टेंट वाले, एलईडी वाले, साउंड वाले और अन्य लोगों को देना प्रारंभ किया।

इसके पश्चात दीपचंद रजक एवं साथियों द्वारा मुझे कोई भी रुपए नहीं दिया गया। तय समय तक 80त्न पैसा पहले ही जमा करने के स्पष्ट वादे के बाद भी केवल 20त्न पैसे ही जमा किए जिसके बाद मैने इन्हें स्पष्ट रूप से बताया चूंकि आप टेंट पंडाल का पैसा तक अरेंज नहीं कर पा रहे इसलिए यह कथा आपके प्रस्तावित मई महीने में होना असंभव है आप लोग पैसे देंगे तो आगे की तारीख मिल सकती है। आगे यह कथा रांची, झारखंड को मिल गई और मैने इसके बाद सीहोर स्थित श्री विठ्ठलेश सेवा समिति से कोई बातचीत नहीं की क्योंकि कथा कराने के लिए लिए दीपचंद रजक एवं साथियों के पास पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई।

इसी दौरान मुझे उनके द्वारा शिवमहापुराण कथा के नाम पर दीपचंद रजक एवं साथियों द्वारा करोड़ों की रसीद, क्षेत्र के गांव-गांव, नगर-नगर, राजनांदगांव से लेकर दुर्ग भिलाई तक चंदा काटना, वसूली और उगाही की सूचना मिली। मैने उन्हें ऐसा करने से मना किया इससे कथावाचक पूज्य पंडित प्रदीप जी मिश्रा एवं विठ्ठलेश सेवा समिति का नाम खराब होता है। जिसके बाद उन्होंने कथा न कराने का फैसला किया एवं मुझसे जमा 21 लाख रुपए लौटाने को कहा। मैने स्पष्ट शब्दों में कहा मैने तुरंत जहां जहां पैसे एडवांस के रूप में जमा किया है वहां से पैसे वापस मांगकर आपको लौटा देता हूं।

इसी दौरान मेरे बड़े चाचा श्री जोधीलाल साहू जी एवं हमारे परिवार के मुखिया जोधीलाल साहू जी की तबियत बिगड़ी और उनका 4 मई को स्वर्गवास हो गया। मैंने मई के पहले हफ्ते तक इनके रुपए लौटाने का समय मांगा था लेकिन मेरे चाचा के निधन के चलते संभव नहीं हो पाया। इस बीच इन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना एवं मेरे जानकारी के पुलिस के साथ मिलीभगत करके छुरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी जो विधिसम्मत नहीं है। मैने कभी पैसे न लौटाने की बात नहीं कि तो यहां धोखाधड़ी जैसा कोई भी मामला नहीं बनता। बल्कि सबसे बड़ा अपराध दीपचंद एवं साथियों ने किया है जो कथा के नाम पर क्षेत्र की जनता से, दुकानदारों से, व्यापारियों से जनप्रतिनिधियों से करोड़ो की उगाही और वसूली कर चुके है। जनता के सामने जवाबदेही से बचने के लिए सारा ठीकरा मेरे सर फोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जनता के करोड़ों रुपयों को गबन कर गायब कर आप लोगों ने कथा न कराने का फैसला क्यों किया यह भी जनता जानना चाहती है। जगह-जगह हजारों की संख्या में चंदा पर्ची काटना, अनाज, दाल एवं भंडारे के नाम उगाही करके शिवभक्तों के आस्था के साथ खिलवाड़ क्यों किया यह भी जनता जानना चाहती है।

# आपरेशन सिंदूर मजबूत भारत की प्रतिक्रिया है

जब कोई देश किसी गंभीर मामले में कुछ कहता है और कुछ करता है तो उसकी कहने व करने की प्रतिक्रिया से ही पता चलता है कि वह मजबूत देश है या कमजोर देश है।इससे देश के लोगों को पता चलता है कि हमारी सरकार मजबूत है, दुश्मनों को पता चलता है कि भारत एक मजबूत देश है,उससे पंगा लेने का मतलब है कि अपना बड़ा नुकसान करवाना है।उसे सबक मिल जाता है कि भारत से पंगा लेने से अपना ही ज्यादा नुकसान करना है। आपरेशन सिंदूर पहलगाम पर पाकपोषित आतंकवाद के हमले की दृढ़ प्रतिक्रिया थी।गुरुवार को उसकी पहली वर्षगांठ है और देश के लोगों के लिए याद करने का दिन है कि आज जो भारत है,वह बदला हुआ भारत, आज जो भारत हैं वह नया भारत है. उसके घर में घुसकर कोई आतंकवादी लोगों पर हमला करेगा तो भारत आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर सकता है। आतंकियों के घर में घुसकर मार सकता है। भारत ने आतंकियों को आपरेशन सिंदूर के जरिए ऐसा सबक सिखाया है कि वह अब भारत में घुसकर पहलगाम की तरह की वारदात करने से पहले सौ बार सोचेंगे और डरेंगे की इसके बाद भारत उनके साथ क्या करने वाला है। आपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने सही कहा है कि आपरेशन सिंदूर भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिक्रिया है। भारत की सेना को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्‌भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है।इससे हमारे सशस्त्र बलों की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबध्दता को पता चलता है। हमारी सेना की हर स्थिति में तैयारी,पेशेवरता,समन्वित शक्ति का पता चलता है।इससे यह भी पता चलता है कि रक्षा क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता ने हमारी सुरक्षा कितनी मजबूत हुई है। इससे यह भी पता चलता है कि एक साल पहले हम जिस तरह आतंकवाद को खत्म करने और उसे बढ़ावा देने वाले तंत्र को नष्ट करने संकल्पित थे आज एक साल बाद भी हम उसी आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने और उसे पालने पोसने वालों को सबक सिखाने संकल्पित हैं। सच है कि आपरेशन सिंदूर मजबूत भारत का एक ऐतिहासिक मिशन है जो हमेशा हमारे दुश्मनों को हमारी सशस्त्र सेना की सटीक प्रहार शक्ति की याद दिलाएगा।यह हर साल हमारे दुश्मनों को साफ संदेश देता रहेगा कि वह भारत पर आतंकवादी हमला कर चाहे कहीं भी छिपा हो वह बच नहीं सकता।वह हमेशा भारत की नजर मे है और भारत जब चाहे उनको सबक सीखा सकता है। आपरेशन सिंदूर के बार मे हमारे देश के कुछ देश विरोधी लोगों ने बहुत कुछ गलत कहा था, पूछा था कितने विमान भारत के गिरे हैं। आज हमारे देश के सेना के अधिकारियों ने उन तमाम देश विरोधी लोगों को यह बता दिया है कि विमान हमारे नहीं गिऱे थे. विमान तो भारतीय सेना ने दुश्मनो को गिराए थे, सेना के सटीक प्रहार से १०० से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। सेना ने आज देश के आपरेशन सिंदूर के खिलाफ बोलने वालों को बता दिया है कि सरेंडर भारत ने नहीं किया था सरेंडर को मार खाने के बाद पाकिस्तान ने किया था। भारत को तो जो लक्ष्य हासिल करना था, वह उसे एकदिन में ही हासिल कर लिया था और पाकिस्तान को साफ बता दिया था कि भारत का हमला पाकिस्तान पर नहीं है, पाक में छिपे आतंकियों के ठिकाने पर है। साथ ही यह भी बता दिया गया था कि यदि पाकिस्तान भारत पर हमला करता है तो भारत उसका जवाब देगा पाकिस्तान ने हमला किया और भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान को बता दिया कि भारत पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के हमले अब बिलकुल भी सहन नहीं करेगा। यह पुराना भारत नहीं है कि अमरीका से शिकायत करेगा।यह नया भारत है यह अपने मसले खुद हल करने में सक्षम है। भारत ने दुनिया के देशों को बता दिया कि भारत की सैन्य क्षमता क्या है। वह सटीक हमला करना जानता है और रक्षा करना भी उसे आता है। भारत ने हमेशा कहा है कि वह शांति का पक्षधर है लेकिन यदि कोई भारत पर किसी भी तरह का हमला करेगा तो भारत उसका जवाब देगा और ऐसा जवाब देगा कि सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग हमला करने वाला करेगा।आज बड़े देश रूस व अमरीका सैन्य कार्रवाई करके युध्द में बरसो महीनों से उलझे हुए हैं तो भारत आपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहा है और दुनिया को संदेश दे रहा है कि भारत को बगैर युध्द मे उलझे सैन्य कार्रवाई करना आता है और दुश्मनों को घुटनों पर कैसा लाया जाता है यह भी बखूबी आता है।भारत के पास प्रहार करने की सटीक क्षमता है और ठीक समय पर सैन्य कार्रवाई रोकने का विवेक भी है,युध्द चाहने वाले कुछ भी कहते रहे लेकिन नया भारत वही करता है जिसमे देश का हित होता है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

# विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक

**सुनील कुमार महला**

राजस्थान के पोखरण में हुए सफल परमाणु परीक्षणों तथा भारत की ऐतिहासिक तकनीकी उपलब्धियों की स्मृति में प्रतिवर्ष 11 मई को



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस केवल हमारे देश की वैज्ञानिक सफलताओं का ही उत्सव नहीं है, बल्कि यह नवाचार(इनोवेशन), आत्मनिर्भरता, हमारी वैज्ञानिक सोच और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक भी है। यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि विज्ञान और तकनीक किसी भी राष्ट्र की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की सबसे मजबूत आधारशिला होते हैं। सरल शब्दों में कहें तो यह दिन भारत की वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार क्षमता को सम्मान देने के लिए समर्पित है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाने का मुख्य उद्‌देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का सम्मान करना, युवाओं में अनुसंधान(रिसर्च), नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना, आत्मनिर्भर भारत एवं आधुनिक तकनीकी विकास को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं के योगदान को पहचान देना है। इस अवसर पर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित भी किया जाता है तथा इसका आयोजन प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड द्वारा किया जाता है।

गौरतलब है कि पहली बार यह दिवस 11 मई 1999 को मनाया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस दिवस का नामकरण तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। दरअसल, उस समय अटल बिहारी वाजपेयी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ 'जय विज्ञान' जोड़कर विज्ञान को राष्ट्र शक्ति का तीसरा स्तंभ बताया था। दरअसल, 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण-II परमाणु परीक्षण के अंतर्गत सफल परमाणु परीक्षण किए थे, जिन्हें 'ऑपरेशन शक्ति' के कोडनेम से जाना गया। इस मिशन का नेतृत्व तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार एवं बाद में भारत के राष्ट्रपति बने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने किया था। दरअसल,11 मई 1998 को भारत ने तीन परमाणु परीक्षण किए थे, जबकि इसके दो दिन बाद 13 मई 1998 को दो और परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए। इस प्रकार कुल पाँच परमाणु परीक्षणों ने भारत को विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न देशों की श्रेणी में स्थापित कर दिया। इन परीक्षणों के बाद भारत दुनिया का छठा परमाणु शक्ति संपन्न देश बना। विशेष बात यह रही कि भारत ने यह उपलब्धि बिना किसी बाहरी सहायता तथा परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर किए बिना प्राप्त की।बहुत कम लोग यह बात जानते हैं कि पोखरण-II परमाणु परीक्षण की पूरी योजना इतनी गोपनीय थी कि कई वरिष्ठ मंत्रियों तक को इसकी जानकारी अंतिम समय में दी गई थी। इतना ही नहीं,परीक्षण स्थल पर वैज्ञानिकों के नाम बदल दिए गए थे और वे सेना के अधिकारियों की तरह पहचान छिपाकर काम कर रहे थे तथा परमाणु परीक्षण की तैयारी रात में की जाती थी, ताकि विदेशी जासूसी उपग्रह गतिविधियों को रिकॉर्ड न कर सकें। परीक्षण के उपकरणों को रेगिस्तान में ले जाते समय उन्हें सामान्य सैन्य-सामान की तरह ढककर रखा गया था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पोखरण परीक्षण के दौरान भारतीय सेना की 58वीं इंजीनियर रेजिमेंट ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन लंबे समय तक उनका योगदान सार्वजनिक चर्चा में कम रहा।परीक्षण से पहले वैज्ञानिकों ने रेत पर पड़े पैरों के निशान तक मिटा दिए थे, ताकि उपग्रहों को किसी असामान्य गतिविधि का संदेह न हो।उस समय भारत आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा था, फिर भी देश ने स्वदेशी तकनीक के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने परीक्षण के बाद कहा था कि 'शक्ति ही शक्ति का सम्मान करती है।' दिलचस्प तथ्य यह है कि उस समय दुनिया की सबसे शक्तिशाली खुफिया एजेंसी मानी जाने वाली सीआईए के उपग्रह भी भारत की इस गुप्त तैयारी का पता नहीं लगा सके थे। भारतीय वैज्ञानिकों और सेना ने अत्यंत गोपनीय ढंग से इस मिशन को सफल बनाया था। यह भारत की रणनीतिक क्षमता और वैज्ञानिक दक्षता का अद्‌भुत उदाहरण माना जाता है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि भारत का पहला परमाणु परीक्षण वर्ष 1974 में इसी पोखरण में किया गया था, जिसका कोडनेम 'स्माइलिंग बुद्धा' था। यह परीक्षण 18 मई 1974 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था और इसे भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम की शुरुआत माना जाता है। उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में यह परीक्षण भारत की सामरिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्‌देश्य से किया गया था, विशेषकर चीन और पाकिस्तान से उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए। इस मिशन में डॉ. राजा रामन्ना सहित अनेक भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।वर्ष 1998 में जब दोबारा परीक्षण हुआ, तब बुद्ध पूर्णिमा के निकट होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनौपचारिक रूप से कहा था-'बुद्ध फिर मुस्कराए।'कहना गलत नहीं होगा कि यह कथन भारत की दूसरी परमाणु सफलता का प्रतीक बन गया।11 मई 1998 का दिन केवल परमाणु परीक्षणों के कारण ही ऐतिहासिक नहीं बना, बल्कि इसी दिन भारत ने तकनीकी क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ भी हासिल कीं। भारत ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित 'त्रिशूल' मिसाइल का सफल परीक्षण किया। दरअसल, त्रिशूल सतह से हवा में मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल थी, जो भारत के 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' का महत्वपूर्ण हिस्सा थी। यह कार्यक्रम भारत को रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम था।इसके अतिरिक्त, इसी दिन भारत के पहले स्वदेशी हल्के विमान 'हंसा-3' ने भी अपनी पहली सफल उड़ान भरी थी। नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज द्वारा विकसित हंसा-3 भारत का पहला स्वदेशी दो सीटों वाला हल्का विमान था, जिसने बेंगलुरु में अपनी पहली उड़ान भरकर भारतीय विमानन तकनीक की क्षमता का परिचय दिया। वास्तव में, इन सभी उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत केवल सामरिक शक्ति में ही नहीं, बल्कि विज्ञान, अनुसंधान, रक्षा तकनीक और एयरोस्पेस के क्षेत्र में भी तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। यही कारण है कि 11 मई भारतीय विज्ञान और तकनीक के इतिहास में एक स्वर्णिम दिवस के रूप में दर्ज है।अंततः, यहां पर यह बात कही जा सकती है कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि भारत के आत्मसम्मान, वैज्ञानिक चेतना और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण प्रतीक है। 11 मई 1998 की ऐतिहासिक घटनाओं ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि भारतीय वैज्ञानिक और इंजीनियर कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी विश्वस्तरीय तकनीक विकसित करने में सक्षम हैं। आज यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि नवाचार(इनोवेशन)और तकनीक(टेक्नोलॉजी) का वास्तविक उद्‌देश्य समाज की समस्याओं का समाधान करना तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए राष्ट्र को तैयार करना है। चाहे रक्षा क्षेत्र हो, अंतरिक्ष अनुसंधान हो, डिजिटल तकनीक हो या आम नागरिक का दैनिक जीवन-तकनीकी प्रगति ही एक सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और आधुनिक भारत की मजबूत नींव है।

## मुखौटों का बाज़ार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

लाइब्रेरी की पुरानी लकड़ी की महक के बीच सुधीर चश्मा ठीक करते हुए एक पुरानी फाइल पलट रहे थे। सामने मिसेज खन्ना बैठी थीं, जो अपनी मखमली शॉल को बार-बार सहेज रही थीं। यहाँ न कोई फ्लैट था, न कोई युवा जोड़ा। यहाँ अनुभव की वे रेखाएँ थीं जो उम्र के साथ गहरी हो गई थीं। "सुधीर जी, क्या आपको नहीं लगता कि हम दोनों इस उम्र में एक 'एक्सपेरिमेंट' कर रहे हैं?" मिसेज खन्ना ने अपनी चाय की चुस्की लेते हुए पूछा। सुधीर ने सिर उठाया। उनकी मुस्कुराहट में व्यंग्य की एक महीन धार थी। "एक्सपेरिमेंट? खन्ना जी, इस उम्र में तो लोग दवाइयों के कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट करते हैं। हम तो बस इस अकेलेपन के डर को 'लिव-इन' का आधुनिक लेबल लगाकर ढकने की कोशिश कर रहे हैं।" मिसेज खन्ना थोड़ा झेंप गईं। "दुनिया इसे प्रगतिशीलता कहेगी। हमने समाज के डर से शादी नहीं की, बस साथ रहने का फैसला किया। क्या यह हिम्मत की बात नहीं है?""हिम्मत और जरूरत के बीच एक बहुत बारीक धागा होता है," सुधीर ने फाइल बंद करते हुए कहा। "हम प्रगतिशील नहीं, दरअसल हम स्वार्थी हो गए हैं। हम चाहते हैं कि सुबह की चाय के वक्त कोई सामने बैठा हो, पर हम यह नहीं चाहते कि उसकी वसीयत या उसकी बीमारियों की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर आए। हमारा यह साथ उस नो-पार्किंग ज़ोन की तरह है, जहाँ गाड़ी खड़ी तो है, पर ड्राइवर इंजन बंद नहीं करता कि कभी भी भागना पड़ सकता है।" मिसेज खन्ना ने खिड़की के बाहर गिरती बर्फ को देखा। "पर क्या यादें काफी नहीं हैं? हम एक-दूसरे के अतीत में दखल नहीं देते, यही तो इस रिश्ते की खूबसूरती है।" "यही तो इसकी सबसे बड़ी विडंबना है," सुधीर का स्वर अब और भी गहरा हो गया था। "बिना अधिकार के अनुराग कैसा? हम दोनों एक ही छत के नीचे रहते हैं, पर हमारे बीच का फासला उस सरकारी फाइल जैसा है जो एक टेबल से दूसरी टेबल तक पहुँचते-पूँछते दम तोड़ देती है। हम साथ तो हैं, पर वैसे ही जैसे किसी म्यूजियम में रखी दो मूर्तियाँ—पास-पास, पर संवाद शून्य। हमने समाज को तो जीत लिया, पर अपनी ही जड़ों से कट गए।" मिसेज खन्ना उठीं और अपना पर्स सँभाला। "चलिए, घर चलते हैं। काफी ठंड हो गई है।"सुधीर भी खड़े हो गए। उन्होंने कोट के बटन बंद किए और धीमी आवाज़ में बोले, "घर? वह घर नहीं है खन्ना जी, वह बस एक 'को-वर्किंग स्पेस' है जहाँ हम साथ मिलकर बुढ़ापा काटने की कोशिश कर रहे हैं। हम मरेंगे नहीं, हम तो बस धीरे-धीरे अपनी ही आदतों में सिमटते चले जाएँगे।" वे दोनों लाइब्रेरी से बाहर निकले और अलग-अलग दिशाओं से आती अपनी-अपनी टैक्सियों की ओर बढ़ गए। उस शाम शिमला की बर्फ ने उनके पदचिह्नों को उतनी ही जल्दी ढक दिया, जितनी जल्दी वे एक-दूसरे की स्मृतियों से ओझल होने वाले थे। न कोई शोर हुआ, न कोई पछतावा—बस दो चलते-फिरते साये थे, जो भीड़ में खोने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र थे।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में नई खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन व्यतीत करेंगे।

वृषभ राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

मिथुन राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद मिलेगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है।

कन्या राशिः आज आपका दिन आनंदमय होगा। आज आपको खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करें। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। किसी कार्य योजना के कारण आपको दूर की यात्रा करनी पड़ेंगी।

तुला राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल करना पड़ेगा।

मकर राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, जिससे आपका प्रोजेक्ट हो जायेगा। आज लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है।

मीन राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वाद-विवाद से बचने की जरूरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए।

मदर्स डे

# घर की पहली शिक्षक: माँ और बदलता पालन-पोषण

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा माँ से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आँकी जा सकती है कि वहाँ मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी माँ ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता। वह शब्दों को नहीं समझता, लेकिन भावनाओं को महसूस करता है। माँ की गोद में उसे सुरक्षा मिलती है, उसके स्पर्श में अपनापन और उसकी आवाज़ में विश्वास मिलता है। यही वह शुरुआती शिक्षा है जो किसी किताब या स्कूल में नहीं मिलती। माँ बच्चे को केवल चलना या बोलना नहीं सिखाती, बल्कि जीवन को समझना भी सिखाती है। प्यार क्या होता है, दूसरों का सम्मान कैसे करना चाहिए, दुख में धैर्य कैसे रखना चाहिए और रिश्तों को कैसे निभाना चाहिए—इन सबका पहला पाठ घर में माँ ही पढ़ाती है। विद्यालय बच्चों को विज्ञान, गणित और भाषा सिखाते हैं, लेकिन नैतिक मूल्य घर से आते हैं। बच्चा अपनी माँ के व्यवहार को रोज़ देखता है। वह देखता है कि माँ पूरे परिवार की ज़रूरतों का ध्यान कैसे रखती है, बिना थके हर सदस्य की चिंता कैसे करती है और अपने हिस्से की इच्छाओं का त्याग करके परिवार को प्राथमिकता कैसे देती है। यही दृश्य बच्चे के भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं। बच्चा बोलने से पहले देखना सीखता है और वही देखी हुई बातें उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं।

माँ बच्चे के चरित्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला होती है। यदि घर का वातावरण प्रेमपूर्ण और सम्मानजनक होगा, तो बच्चा भी समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करेगा। यदि माँ दूसरों के प्रति दया और सहानुभूति दिखाती है, तो बच्चा भी वही सीखता है। यही कारण है कि समाज की वास्तविक शिक्षा घरों में होती है, स्कूलों में केवल उसका विस्तार होता है। लेकिन बदलते समय के साथ पालन-पोषण का स्वरूप भी बदल रहा है। आज की दुनिया पहले जैसी नहीं रही। महंगाई, करियर की प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली ने परिवारों की संरचना और रिश्तों के स्वरूप को प्रभावित किया है। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची और पूरे परिवार के बीच बड़े होते थे। अब अधिकांश परिवार छोटे हो गए हैं। माता-पिता दोनों कामकाजी हैं और बच्चों के साथ बिताने का समय सीमित होता जा रहा है।विशेष रूप से कामकाजी माताओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती है—करियर और मातृत्व के बीच संतुलन बनाना। समाज अक्सर यह मान लेता है कि यदि माँ घर से बाहर काम कर रही है तो वह बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रही होगी। लेकिन यह सोच अधूरी है। आज की माँ



केवल घर संभालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आर्थिक जिम्मेदारियाँ भी निभा रही है। वह ऑफिस में काम करती है, घर लौटकर बच्चों की देखभाल करती है और परिवार की भावनात्मक जरूरतों को भी पूरा करती है। यह दोहरी जिम्मेदारी आसान नहीं है। कई बार कामकाजी माताएँ अपराधबोध का शिकार हो जाती हैं कि वे अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पा रहीं जितना देना चाहिए। लेकिन पालन-पोषण केवल समय की मात्रा से तय नहीं होता, बल्कि उस समय की गुणवत्ता से तय होता है। यदि माँ सीमित समय में भी बच्चों के साथ संवाद करती है, उनकी भावनाओं को समझती है और सही संस्कार देती है, तो उसका प्रभाव गहरा होता है।आज के बच्चे पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर हो रहे हैं। माता-पिता के व्यस्त रहने के कारण वे अपने छोटे-छोटे काम स्वयं करना सीख रहे हैं। वे समय का प्रबंधन करना, अकेले रहना और बदलते परिवेश में खुद को ढालना सीख रहे हैं। कई बच्चे अकेले समय में नई रचनात्मक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहे हैं। यह बदलाव सकारात्मक भी हो सकता है, यदि बच्चों को सही दिशा और भावनात्मक सहयोग मिलता रहे।

लेकिन इस बदलते पालन-पोषण के कुछ खतरे भी हैं। आज तकनीक ने बच्चों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट बच्चों के जीवन का बड़ा हिस्सा बन चुके हैं। कई बार माता-पिता की व्यस्तता बच्चों को भावनात्मक रूप से अकेला कर देती है। बच्चे अपनी समस्याएँ साझा करने के बजाय डिजिटल दुनिया में खोने लगते हैं। ऐसे समय में माँ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उसे केवल बच्चों की पढ़ाई या भोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके मन की स्थिति को भी समझना चाहिए।

बच्चे को सबसे ज्यादा जरूरत संवाद की होती है। यदि माँ बच्चे से खुलकर बात करती है, उसकी परेशानियों को सुनती है और बिना डर के अपनी भावनाएँ व्यक्त करने का माहौल देती है, तो बच्चा मानसिक रूप से मजबूत बनता है। लेकिन यदि घर में संवाद खत्म हो जाए, तो बच्चा अंदर ही अंदर अकेलापन महसूस करने लगता है। यही अकेलापन आगे चलकर तनाव, अवसाद और व्यवहारिक समस्याओं का कारण बन सकता है।

दुर्भाग्य से आधुनिक समाज में मातृत्व को लेकर भी एक कृत्रिम छवि बनाई जा रही है। सोशल मीडिया पर "परफेक्ट माँ" की तस्वीरें दिखाई जाती हैं—जो हमेशा मुस्कुराती रहती है, हर काम बिना थके करती है और कभी परेशान नहीं होती। लेकिन वास्तविक जीवन इससे अलग है। माँ भी इंसान है। उसकी भी अपनी थकान, परेशानियाँ और भावनाएँ हैं। इसलिए मातृत्व को केवल त्याग और बलिदान की मूर्ति बनाकर देखना उचित नहीं है। माँ को भी भावनात्मक सहयोग, सम्मान और विश्राम की आवश्यकता होती है।

भारतीय संस्कृति में माँ को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया गया है। "मातृ देवो भवः" केवल एक धार्मिक वाक्य नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक जीवन का मूल दर्शन है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस माँ को सम्मान का प्रतीक माना जाता है, उसी के श्रम को अक्सर सामान्य मान लिया जाता है। घर का काम, बच्चों की देखभाल और परिवार की जिम्मेदारियाँ आज भी "काम" नहीं मानी जातीं। यह सोच बदलनी होगी। बच्चों को बचपन से यह सिखाना होगा कि माँ का श्रम केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण का अद्‌भुत उदाहरण है।

समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है कि वे मातृत्व को सहयोग देने वाली नीतियाँ बनाएं। कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, पर्याप्त मातृत्व अवकाश, डे-केयर सुविधाएँ और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसी व्यवस्थाएँ आवश्यक हैं। क्योंकि यदि माँ तनाव और असुरक्षा में रहेगी, तो उसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ेगा।

अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि माँ केवल बच्चे को जन्म नहीं देती, बल्कि उसके व्यक्तित्व को गढ़ती है। वह बच्चे की पहली पाठशाला है, जहाँ से जीवन की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा मिलती है। उसकी गोद में बच्चा केवल अक्षर नहीं, बल्कि इंसानियत सीखता है। वह सिखाती है कि रिश्तों की कीमत क्या होती है, दूसरों के लिए त्याग कैसे किया जाता है और कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद कैसे बनाए रखी जाती है। आज जब दुनिया तेजी से बदल रही है, तब भी माँ का महत्व कम नहीं हुआ है। बल्कि बदलते समय में उसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। क्योंकि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में यदि कोई रिश्ता बच्चे को भावनात्मक सुरक्षा, नैतिक दिशा और निस्वार्थ प्रेम दे सकता है, तो वह केवल माँ का रिश्ता है। इसलिए यह सच आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि घर की पहली शिक्षक माँ ही होती है और उसके दिए संस्कार जीवनभर बच्चे के व्यक्तित्व की नींव बने रहते हैं।

## एक नजर

### बस्तर जिले में 10 हज़ार से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता की हुई खरीदी

**जगदलपुर, 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में वर्तमान सीजन के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण और खरीदी का कार्य पूरी तेजी के साथ संचालित किया जा रहा है, जहां जिला लघु वनोपज यूनियन ने अब तक निर्धारित लक्ष्य की तुलना में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वर्ष के लिए कुल 21,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध विभाग अब तक 10,704.716 मानक बोरा की खरीदी संपन्न कर चुका है। संग्रहण की इस व्यापक प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए जिले भर में 241 फड़ों और 15 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों को सक्रिय किया गया है, जो सीधे तौर पर ग्रामीणों और संग्राहकों से जुड़कर कार्य कर रही हैं। खरीदी की प्रक्रिया के साथ-साथ विभाग द्वारा संग्रहित पत्तों के प्रसंस्करण और सुरक्षित भंडारण का कार्य भी निरंतर प्रगति पर है, ताकि उपज की गुणवत्ता बनी रहे। वहीं दूसरी ओर, संग्राहकों की आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके पारिश्रमिक का ऑनलाइन भुगतान भी तेजी से किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य अभी बंद नहीं हुआ है। विभाग का यह प्रयास है कि संग्राहकों के हितों का पूर्ण ध्यान रखा जाए, इसीलिए यदि फड़ों पर अच्छी गुणवत्ता और मानक स्तर के तेंदूपत्ते लाए जाते हैं, तो उनकी खरीदी नियमानुसार सतत जारी रहेगी। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी संग्राहकों से यह विशेष अपील की है कि वे वनों से केवल उच्च गुणवत्ता वाले पत्तों का ही चयन करें और उन्हें निर्धारित फड़ों पर विक्रय हेतु लेकर आएं। विभाग का लक्ष्य है कि पारदर्शी प्रक्रिया और बेहतर तालमेल के माध्यम से इस वर्ष के संग्रहण लक्ष्य को समय रहते गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके, जिससे वनांचल में रहने वाले परिवारों को उनका उचित लाभ मिल सके।

### दंतेवाड़ा नगरपालिका ने टेंडर प्रक्रिया के संबंध में जारी किया स्पष्टीकरण

**दंतेवाड़ा, 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा ने शहर में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों की ई-निविदा प्रक्रिया को लेकर सोशल मीडिया और कुछ समाचार माध्यमों में प्रसारित की जा रही खबरों को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन करार दिया है। परिषद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि टेंडर प्रक्रिया के संबंध में लगाए जा रहे आरोप, जिनमें प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही कार्यों के बंदरबांट की बात कही जा रही है, वे पूरी तरह से निराधार और असत्य हैं। प्रशासन का कहना है कि इस तरह की सूचनाएं न केवल जनता को गुमराह करती हैं, बल्कि विकास कार्यों की छवि को भी धूमिल करने का प्रयास करती हैं। विज्ञप्ति के माध्यम से प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वर्तमान में संचालित समस्त निविदा प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित कड़े नियमों और मापदंडों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। नगरपालिका ने जोर देकर कहा है कि किसी भी ठेकेदार अथवा एजेंसी को नियम विरुद्ध लाभ पहुँचाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, क्योंकि ई-निविदा प्रणाली में सभी पात्र ठेकेदारों को समान अवसर प्रदान किए जाते हैं और पूरी चयन प्रक्रिया निष्पक्ष रखी गई है। परिषद का मुख्य लक्ष्य शहर का गुणवत्तापूर्ण विकास करना है, जिसमें किसी भी प्रकार के पक्षपात या अनियमितता की कोई जगह नहीं है।

### जिले के मत्स्य पालकों के लिए सुशासन शिविर बना वरदान

**दंतेवाड़ा, 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलस्टर वार हो रहे सुशासन शिविरों से जहां मौके पर ही ग्रामीणों की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया जा रहा हैं। वही विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को आधुनिक तकनीकों से युक्त यंत्र उपकरण सामग्रियां निशुल्क वितरण की जा रही है। इससे हितग्राहियों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। इस क्रम में विगत दिवस भूसारास और हल्बारास में संपन्न हुए सुशासन शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालकों को उन्नत जाल और आईस बाक्स वितरण करके उनके व्यवसाय को सुविधाजनक और आर्थिक अनुकूलन बनाने का सफल प्रयास किया जा रहा हैं। विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम भूसारास में 6 मई को हुए हितग्राही श्री हिड़मा मण्डावी एवं श्री महादेव मरकाम भी लाभान्वित ग्रामीणों में से एक है। इस संबंध में मत्स्य कृषक हिड़मा ने बताया कि वह विगत 10 वर्षों से अपने स्वयं की भूमि में 0.20 हे. का तालाब निर्माण कर भारतीय मेजर कार्प रोहू, कतला, मृगल का संचयन कर मछली पालन का कार्य कर रहा हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण में बाल गृह के बच्चे हुए बस्तर की संस्कृति और इतिहास से परिचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 मई।** एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भ्रमण बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई के मार्गदर्शन एवं कैटलिस्ट फॉर सोशल एक्शन (छ्रू) के सहयोग से बाल गृह बालक एवं बालिका में निवासरत देखरेख, संरक्षण एवं आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित किया गया।

भ्रमण के दौरान बच्चों को कलेक्टर कार्यालय भी ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात अपर कलेक्टर बस्तर सी.पी. बघेल से हुई। अपर कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए उन्हें जीवन में शिक्षा, अनुशासन एवं



आत्मविश्वास के महत्व के बारे में प्रेरणादायी बातें बताई। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात के बाद बच्चे काफी उत्साहित एवं प्रेरित नजर आए।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को बस्तर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक धरोहरों से परिचित कराया गया। बच्चों को पुराना तहसील कार्यालय स्थित दशहरा पसरा ले जाया गया, जहां उन्होंने बस्तर दशहरा की आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अर्जुन श्रीवास्तव ने बच्चों को विश्व प्रसिद्ध 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर दशहरा पर्व की परंपरा, इतिहास एवं सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात बच्चों ने पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण किया, जहां उन्होंने बस्तर की प्राचीन संस्कृति और पुरातात्विक धरोहरों से जुड़ी वस्तुओं को देखा। उपस्थित कर्मचारियों ने संग्रहालय में रखी गई ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक सामग्रियों की जानकारी बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। इसके बाद बच्चों ने आमगुड़ा स्थित जनजातीय गौरव वाटिका का भ्रमण किया, जहां उन्हें पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस दौरान बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की भूमिका के बारे में भी समझाया गया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही, सदस्य श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव, श्रीमती धनेश्वरी वर्मा, रामकृष्ण ठाकुर, संतोष जोशी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा, संस्थागत अधिकारी मनोज कांत जोशी, सीएसए के प्रोग्राम अधिकारी योगेश ठाकुर, सुनीता देवांगन, महेश्वरी सरवन, सरिता दुबे, मंगली कुंजाम, इंद्रा पद्माकर, सोमनाथ बघेल, सुभम माली, रुचि माली, सत्यजीत शर्मा,सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूजर चार्ज के नाम पर फुटकर,बाजार व्यापारियों से भाजपा की नगर निगम सरकार कर रही अवैध वसूली:राजेश चौधरी

■ नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने किया संजय बाजार का सतत निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 10 मई।** आज नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा नगर निगम प्रशासन द्वारा फुटकर बाजार व्यापारियों से की जा रही वसूली को लेकर संजय बाजार का सतत निरीक्षण किया गया । नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा भाजपा की नगर निगम सरकार पर बाजार व्यापारियों से यूजर चार्ज के नाम पर अवैध वसूली कर रही है नगर निगम द्वारा व्यापारियों से मनमाने तरीके से किसी से 550 रुपये तो किसी से 600 रुपये तक की रसीद काटी जा रही है, जिससे छोटे व्यापारियों में भारी नाराजगी है।राजेश चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में व्यापारियों से सालाना मात्र 350 रुपये यूजर चार्ज लिया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार ने बिना किसी स्पष्ट नियम और पारदर्शिता के शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर व्यापारियों पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नगर निगम सरकार लगातार टैक्स और यूजर चार्ज बढ़ाकर आम जनता एवं व्यापारियों की जेब पर डाका डाल रही है। महंगाई के इस दौर में छोटे और मध्यम व्यापारियों का व्यवसाय पहले ही प्रभावित है, ऐसे में इस प्रकार की अतिरिक्त वसूली पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

राजेश चौधरी ने आगे कहा संजय मार्केट फुटकर व्यापारियों के द्वारा और अन्य व्यापारियों के द्वारा लगातार शिकायत मिल रही थी कि यूजर चार्ज के नाम पर उनसे रकम वसूली जा रही है पहले अस्थाई दखल शुल्क दिया जाता था प्रतिदिन ?10 जिसे पूर्व की सरकार ने उन छोटे व्यापारियों पर आर्थिक काम करने के नियत से अस्थाई दखल शुल्क वसूली का कार्य बंद करवाया गया परंतु भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार आते ही महापौर की सहमति से उन्हीं अस्थाई रूप से फुटपाथ पर बैठकर छोटे व्यापारियों से मासिक 550 रुपए वसूलने का काम नगर निगम सरकार के द्वारा की जा रही है जो कि कहीं से भी न्याय संगत नहीं है यदि ऐसा कोई दर राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित किया गया है या गजट नोटिफिकेशन में आया हो तो भी उसे आयुक्त नगर निगम के द्वारा लागू नहीं किया जा सकता है उसे विधिवत्त मी एवं सामान्य सभा से पारित करने के बाद ही लागू किया जा सकता है परंतु स्थ्रष्ट और सामान्य सभा को ठेगा दिखाते हुए करते हुए यह वसूली का कार्य चालू कर दिया गया है छोटे-छोटे गरीब व्यापारियों को रकम नहीं देने पर तुम्हारे दुकान दुकान को उठाकर फेंक दिया जाएगा सामान जपती कर लिया जाएगा इस प्रकार की धमकी देकर वसूली की जा रही है जो कि कहीं से भी न्याय संगत नहीं है नगर निगम आयुक्त को चाहिए कि पहले राज्य सरकार के निर्देशों को सामान्य स्वभाव से पारित करवाए उसके बाद जान सहमति अनुसार उसे लागू किया जाए किसी व्यापारी से?250 किसी व्यापारी से 550 रुपए और उसी तरह के काम वाले व्यापारी से ?600 सालाना दर से रशीद काटी गई है जिसे देखकर समझ में नहीं आता कि कौन सा डर कैसे रसीद काटा गया है किसके कहने पर काटा गया है व्यापारी हजारों की संख्या में आ रहे हैं तो क्या रसीद हजारों की संख्या में कट कर जमा हो रही है जिस प्रकार से वहां के व्यापारी बता रहे हैं यदि हम अलग से खर्चा पानी देते हैं तो रसीद काम का काटा जाएगा और यदि खर्चा पानी नहीं देते हैं तो प्रतिमा 550 देना पड़ेगा अन्यथा दुकान को उखाड़ कर फेंक दी जाएगी ऐसी दादागिरी के साथ संजय बाजार में वसूली किया जाना न्याय संगत नहीं है कांग्रेस पार्षद दल महापौर जी से एवं आयुक्त नगर पालिका निगम से आगरा करती है की किस प्रकार की बिना सिर पर की वसूली तत्काल प्रभाव से बंद करें और नियमताह जो चार्ज लिया जाना है उसे पर अमल करें अन्यथा कांग्रेस पार्सल दल के द्वारा जल्द ही इस मुद्दे को लेकर मुहिम छेड़ी जाएगी और आंदोलन करने के लिए बात होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन और निगम सरकार की होगी।

व्यापारी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने कहा भाजपा की नगर निगम सरकार पर बाजार व्यापारियों से यूजर चार्ज के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। भाजपा की नगर निगम सरकार आम जनता और व्यापारियों की समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल वसूली करने में लगी हुई है। बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के दौर में व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डालना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है।कांग्रेस नेता राजेंद्र पटवा ने कहा कि भाजपा सरकार की यह नीति उसकी कुंठित मानसिकता को दर्शाती है, जहां जनहित की बजाय केवल राजस्व वसूली पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि यूजर चार्ज में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए और व्यापारियों को राहत दी जाए। उक्त कार्यक्रम में पार्षद शेख जाहिद हुसैन शुभम यदु राकेश मौर्य, शादाब अहमद लोकेश नंदा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन, नियमितीकरण की मांग का सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 10 मई ।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने आज शनिवार को कोंडागांव विधायक लता उसेंडी को ज्ञापन सौंपकर यूनियन ने कहा कि 1 मई से 7 मई तक चले प्रदेशव्यापी अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक अपनी विभिन्न मांगें पहुंचाने की बात कही है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना (ह्क्क्र) को बहाल करना शामिल है। यूनियन का तर्क है कि बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, यूनियन ने आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा को समाप्त कर कई वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की भी मांग की गई है।

कर्मचारियों ने बताया कि विभाग में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, जिससे नियमित कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर बिजली व्यवस्था और रखरखाव कार्यों पर पड़ रहा है। यूनियन ने मांग की है कि खाली पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि मेंटेनेंस और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सके। यूनियन ने आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा को समाप्त करने की भी प्रमुखता से मांग की। उनका कहना है कि कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण और उचित वेतन सुविधाएं मिलनी चाहिए। बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता और स्थिरता सीधे कर्मचारियों की कार्य स्थितियों से जुड़ी हुई है। यूनियन पदाधिकारियों ने विधायक लता उसेंडी से इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने और उचित पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों मामलों का हुआ निराकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 10 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश तथा संतोष कुमार आदित्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत समस्त न्यायालयों में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत बीजापुर में रोजमीन राजेश खाखा द्वारा खण्डपीठ सदस्य आशिक सिद्दीकी एवं ज्योति कुमार की उपस्थिति में आपराधिक एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरणों का राजीनामा, प्ली बारगेनिंग एवं स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया गया।

तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर के समन्वय से आयोजित लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य आपसी समझौते के जरिए लंबित 06 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं यातायात नियम उल्लंघन से जुड़े 956 ट्रैफिक प्रकरण तथा आबकारी विभाग के 16 प्रकरणों सहित कुल 972 मामलों का निपटारा कर शासन के पक्ष में 1 लाख 68 हजार 930 रुपये जमा कराए गए।

इसके अलावा जलकर, विद्युत बिल, दूरसंचार विभाग के बकाया बिल एवं बैंक ऋण से जुड़े प्री-लिटिगेशन के 264 मामलों में 57 हजार 330 रुपये की समझौता राशि के साथ निराकरण किया गया। वहीं जिले के राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के बीच बंटवारा, नामांतरण एवं अन्य राजस्व संबंधी कुल 4950 प्रकरणों का समाधान किया गया। लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया जाता है, जिससे दोनों पक्षों को राहत मिलती है और प्रकरण का अंतिम समाधान हो जाता है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करने में भी सहायता मिलती है। इस दौरान व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी पीताम्बर सिंह मण्डावी, चेतन ध्रुव, गौरैया गोटा, सुनील कुमार मौर्य, नारायण पिटला, डोमेन्द्र कुमार साहू एवं कैलाश चन्द्रवंशी उपस्थित रहे।

# 17.670 लीटर अवैध अंग्रेजी और देशी शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 10 मई।** जिले के चारामा थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ 'उजियारा अभियान' के तहत ग्राम जामबहार निवासी चंद्रहास सिन्हा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17.670 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंद्रहास सिन्हा अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी और देशी शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान आरोपी चंद्रहास सिन्हा (38), निवासी जामबहार, थाना चारामा, जिला कांकेर के पास से कुल 17.670 लीटर



अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ चारामा थाने में अपराध क्रमांक 97/2026, धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे 9 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस से मिल जानकारी के अनुसार जब्त की गई अंग्रेजी शराब में 12 नग मडूसा बीयर (7.800 लीटर, कीमत 2,520 रुपये), 3 नग सीम्बा बीयर (1.950 लीटर, कीमत 690 रुपये) और 44 नग रोमियो देशी प्लेन मदिरा (7.920 लीटर, कीमत 3,520 रुपये) शामिल हैं। कुल जब्त शराब की मात्रा 17.670 लीटर और अनुमानित बाजार मूल्यलगभग 6,730 रुपये आंकी गई है। चंद्रहास सिन्हा का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। उसके खिलाफ वर्ष 2002 से 2025 तक आबकारी एक्ट, धारा 151, 107/116 (3) जाफौ, 294, 506 भादवि सहित कुल 10 प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, उपनिरीक्षक रनेश सेठिया, सहायक उपनिरीक्षक भकेश पटेल (साइबर सेल कांकेर), प्रधान आरक्षक 591 पचकौड़ सोरी, आरक्षक तरुण सिन्हा, बलराम सिन्हा और रामरतन निषाद का योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 40 जोड़ों का विवाह संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 10 मई।** भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत मद्देड़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के कुल 40 जोड़ों का विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पैरे पुलैय्या रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम, महिला एवं बाल विकास सभापति तनुजा कुम्मर तथा सर्व आदिवासी समाज से अशोक तलांडी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास सभापति तनुजा कुम्मर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक अच्छी पहल है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय



वैवाहिक जीवन की कामना की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब तबके के लोगों के लिए सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देता है। प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है ।

सामूहिक विवाह समारोह में 11 आदिवासी जोड़े, 25 हिन्दू जोड़े एवं 4 क्रिश्चियन जोड़ों का विवाह उनकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराया गया। विवाह मंडप में पारंपरिक वेशभूषा, लोक रीति-रिवाज एवं उत्साहपूर्ण माहौल ने समारोह को विशेष आकर्षण का केंद्र बना दिया है। सामूहिक विवाह समारोह में क्षेत्रभर से जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के साथ साझा की उप निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी

**जगदलपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए उप-निर्वाचन की घोषणा के साथ ही प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें आगामी अप निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ निर्वाचन कार्यक्रम की समय-सारणी साझा की। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, 11 मई को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 18 मई तक चलेगी। मतदान 1 जून को निर्धारित किया गया है, जिसके पश्चात 4 जून को मतगणना के साथ परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तिवारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने की अपील की।

## रोटरी क्लब व महावीर विकलांग सेवा ने सक्षम कृत्रिम हाथ-पैर शिविर का किया आयोजन

**जगदलपुर, 10 मई ।** रोटरी क्लब जगदलपुर एवं भगवान महावीर विकलांग सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को सक्षम कृत्रिम हाथ एवं पैर शिविर का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर नक्सल प्रभावित पीड़ितों एवं दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव जिलों से पीड़ितजन पहुंचे। शिविर में जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ एवं पैर के साथ-साथ व्हीलचेयर एवं ट्राई साइकिल भी प्रदान की गई, जिससे उनके जीवन को नई दिशा एवं आत्मविश्वास मिल सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बस्तर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. , जिलाधिकारी आकाश छिकारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस उप महानिरीक्षक अरुण कुमार, एवं सहायक पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब जगदलपुर की ओर से अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी, कार्यक्रम चेयरमैन गौतम पारख, किशोर पारख, अर्चना जैन, राहुल मोदी, नितेश चौहान, नवीन भावसार, सौरभ अरोरा, निखिल दीवान एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी रोटरी क्लब चेयरमैन संग्राम सिंह राणा द्वारा दी गई।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन मई-26 की समय-सारणी जारी

## रिक्त पदों पर होगा निर्वाचन, निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराने हेतु समय-सारणी जारी कर दी गई है। आयोग ने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन कराने का निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का तैयार एवं पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर 5 मई 2026 को अंतिम प्रकाशन किया गया है, वहां यह उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।

आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 एवं नियम 28 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया है। निर्वाचन की सूचना प्ररूप-2 एवं प्ररूप-3 में जारी की जाएगी तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन एक साथ कराए जाएंगे। साथ ही ऐसे ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भी उप निर्वाचन कराया जाएगा, जहां संबंधित पंचायत का कार्यकाल छह माह से अधिक शेष है और पद रिक्त हैं।

### आरक्षण सूची और मतदान केंद्रों का भी होगा प्रकाशन

**प्रकाशनः** निर्वाचन कार्यक्रम के अंतर्गत नियम 29-क के तहत प्ररूप 3-क में आरक्षण संबंधी जानकारी तथा नियम 23 के अनुसार मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन पंचायतों के निर्वाचन किसी न्यायालयीन आदेश के कारण स्थगित हैं अथवा आयोग द्वारा पृथक आदेश जारी किया गया है, वहां निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाएगी।

### उम्मीदवारों के लिए शपथ पत्र अनिवार्य

आयोग ने निर्देशित किया है कि पंच पद को छोड़कर प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसमें अभ्यर्थी की आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति एवं दायित्व तथा शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देनी होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन गैर-दलीय आधार पर संपन्न होंगे।

### मतपत्र एवं मतपेटी से होगा मतदान

उप निर्वाचन में मतदान प्रक्रिया मतपत्र एवं आयोग द्वारा अनुमोदित मतपेटियों के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने एवं प्रतिरूपण रोकने के लिए आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित 18 प्रकार के पहचान पत्र मान्य किए गए हैं।

### निर्वाचन क्षेत्रों में लागू रहेगी आदर्श आचरण संहिता

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। यह आचार संहिता निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक लागू रहेगी। आयोग ने सभी निर्वाचन संबंधी कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, पंचायत निर्वाचन नियम 1995 तथा आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

## समाचार संक्षेप

# नक्सल प्रभावित डुमरघाट पहुंचे विधायक जनकराम का ग्रामीणों ने किया आत्मीय स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 10 मई।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के नक्सल प्रभावित और दुर्गम ग्राम डुमरघाट में पहली बार किसी विधायक के पहुंचने पर ग्रामीण भावुक हो उठे। बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव स्वयं मोटरसाइकिल चलाते हुए 12 किलोमीटर का कठिन सफर तय कर गांव पहुंचे। वर्षों से उपेक्षित इस गांव में जनप्रतिनिधि के आगमन पर ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर व तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने विधायक को गांव की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से अब तक सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए उन्हें निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाते, जिससे मरीजों को कांवर के सहारे अस्पताल ले जाना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी-नालों को पार करना पड़ता है।

विधायक जनकराम ध्रुव ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए गांव में रंगमंच निर्माण की घोषणा की। साथ ही सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए शासन स्तर पर हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 मई तक

**धमतरी, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 मोंगरागहन में सहायिका की भर्ती के लिए आगामी 22 मई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायिका भर्ती के लिए इच्छुक उसी ग्राम की निवासी महिलाएं ई-भर्ती पोर्टल URL:-https:Ñ//aww.ebharti.in/ में आवेदन कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे।

### उप निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण नियम प्रभावशील

**धमतरी, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों के सदस्यों (पंच, सरपंच) के लिए उप निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर बताया कि जहां-जहां उप निर्वाचन होना है, के संबंधित वार्डों में संपत्ति विरूपण नियम प्रभावशील हो गया है। उन्होंने सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अनुसार कार्यवाही करने के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उनके अधिकार क्षेत्र के लिए अधिकृत किया है।

### आमसभा, जुलूस, लाउडस्पीकर की अनुमति के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकृत

**धमतरी, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों के सदस्यों (पंच, सरपंच) के लिए उप निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने चारों जनपदों के सभी ग्राम पंचायत, जहॉ-जहॉ उप निर्वाचन होना है, में निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा जुलूस, आमसभा, लाउडस्पीकर आदि की अनुमति मांगे जाने पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उनके अधिकार क्षेत्र के जनपद पंचायतों के लिए अधिकृत किया है।

### अधिकारी-कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के अवकाश पर नहीं करेंगे प्रस्थान

**धमतरी, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों में उप निर्वाचन होना है। उक्त होने वाले उप निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारियों को आदेश जारी किया है कि वे उनकी पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। अवकाश के दिनों में भी निर्वाचन से संबंधित आदेशों, पत्रों आदि को प्राप्त करने के लिए कार्यालय को खुला रखेंगे। आदेश में यह भी बताया गया कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृत के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) की अनुशंसा आवश्यक होगी।

### शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश

**धमतरी, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गया है। जिले के चारों जनपद पंचायत क्षेत्रों के सभी ग्राम पंचायत जहॉ-जहॉ उप निर्वाचन होना है, के वार्डों में शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स को हटाना आवश्यक हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने चारों जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए सभी ग्राम पंचायतों एवं संबंधित वार्डों के सीमा क्षेत्र के अंदर शासकीय राशि से लगे विज्ञापनों एवं होर्डिंग्य को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# साहब, हमें भी प्रधानमंत्री आवास दिलवा दीजिए कहकर सीईओ के पैरों में गिरा कमार परिवार

**सुशासन तिहार में भावुक दृश्य**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 10 मई।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के ग्राम बरही में आयोजित सुशासन तिहार शिविर उस समय भावुक हो उठा, जब विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार के परिजन अपनी आवास की पीड़ा लेकर जिला पंचायत ष्टश्वह्र के सामने दंडवत हो गए। प्रशासनिक शिविर में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण इस दृश्य को देखकर स्तब्ध रह गए।

परिजनों ने हाथ जोड़कर और पैरों में गिरकर केवल एक ही मांग रखी – साहब, हमें प्रधानमंत्री आवास दिला दीजिए, हमारे सिर पर छत नहीं है। उनकी इस मार्मिक अपील ने वहां उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं।

बताया जा रहा है कि परिवार लंबे समय से कच्चे और जर्जर आशियाने में जीवन यापन कर रहा है। कई बार आवेदन और गुहार के बाद भी जब आवास की सुविधा नहीं मिली, तो सुशासन तिहार के इस शिविर को अंतिम उम्मीद मानकर पूरा परिवार पहुंचा था।

घटना के दौरान माहौल पूरी तरह संवेदनशील हो गया। लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया कि जब शासन खुद गांव पहुंचकर समस्याएं सुन रहा है, तब एक परिवार को अपनी बुनियादी जरूरत के लिए इस तरह दंडवत क्यों होना पड़ा?

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने परिवार की बात गंभीरता से सुनी और नियमानुसार त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

यह घटना एक ओर शासन की मंशा को दर्शाती है कि समस्याएं गांव स्तर पर सुनी जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर ऐसे परिवार योजनाओं के लाभ से अब तक वंचित क्यों हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंच जाए, तो किसी को भी इस तरह गुहार लगाने की नौबत न आए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में धमतरी जिला स्तरीय समग्र रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




■ पारदर्शी कार्यप्रणाली, समयबद्ध निर्माण एवं सतत मॉनिटरिंग से मिली उल्लेखनीय सफलता

**धमतरी, 10 मई।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के अंतर्गत जारी जिला स्तरीय समग्र रैंकिंग में धमतरी जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता जिला प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनप्रतिनिधियों, जनपद एवं ग्राम पंचायतों, मैदानी अमले तथा ग्रामीण हितग्राहियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के माध्यम से पात्र ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में प्रभावी एवं परिणाममुखी कार्य किया जा रहा है। आवास निर्माण की गुणवत्ता, समयबद्ध पूर्णता, जियो टैगिंग, हितग्राही आधारित मॉनिटरिंग, किस्त भुगतान तथा ऑनलाइन प्रविष्टियों के बेहतर निष्पादन के आधार पर जारी समग्र रैंकिंग में धमतरी ने प्रदेश में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। वर्ष 2024-26 के अंतर्गत जिले को कुल 42 हजार 318 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ, जिसके विरुद्ध अब तक 41 हजार 303 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 40 हजार 640 हितग्राहियों को प्रथम किश्त का भुगतान किया गया है। वर्तमान में 38 हजार 990 आवास निर्माणाधीन हैं तथा 37 हजार 247 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त जारी की जा चुकी है। जिले में अब तक कुल 29 हजार 35 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 68.6 प्रतिशत है। शेष 13 हजार 283 आवास विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर तक नियमित समीक्षा, तकनीकी मार्गदर्शन एवं मैदानी अधिकारियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की गई। हितग्राहियों को समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए लगातार प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा नवाचार आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था अपनाते हुए प्रगति की दैनिक समीक्षा भी की गई, जिससे निर्माण कार्यों में गति आई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व प्रदान करने का माध्यम है।

### जनगणना-27: जिले में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य तेजी से जारी



■ लैलूंगा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण, प्रगणकों की तकनीकी समस्याओं का मौके पर समाधान

**रायगढ़, 10 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत रायगढ़ जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी से जारी है। जिले के 18 चार्ज क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई 2026 तक किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी तथा उप जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के कार्यों की समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में आज लैलूंगा अनुभाग के मुकड़ेगा एवं लैलूंगा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय जनगणना अधिकारी लैलूंगा भरत कौशिक, चार्ज अधिकारी, जनगणना निदेशालय के रायगढ़ नोडल अधिकारी शेष प्रसाद पांडा तथा जिला मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुपरवाइजरों से जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल एप एवं डेटा एंट्री से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के सही एवं अद्यतन आंकड़े तैयार किए जा सकें।

**छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के छोटे से गांव संबलपुरी के**

# अजय गुप्ता ने भारतीय वन सेवा परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया 91 रैंक

■ किसान परिवार के बेटे ने रचा सफलता का नया इतिहास

■ इससे पहले यूपीएससी परीक्षा 2025 में भी हासिल कर चुके हैं एआईआर 452

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के छोटे से ग्राम संबलपुरी के रहने वाले प्रतिभाशाली युवा अजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा 2025 में शानदार सफलता हासिल करते हुए ऑल इंडिया रैंक 91 प्राप्त की है। परीक्षा परिणाम शुक्रवार को कुछ ही देर पहले घोषित हुआ, जिसके बाद रायगढ़ जिले सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बन गया।

साधारण किसान परिवार से आने वाले अजय गुप्ता की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने सीमित संसाधनों के बीच कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता किसान हैं और ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े अजय ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है। भारतीय वन सेवा देश की प्रतिष्ठित अखिल भारतीय सेवाओं में शामिल है, जहां चयन के लिए अभ्यर्थियों को कठिन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में ऑल इंडिया स्तर पर 91वीं रैंक हासिल करना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अजय गुप्ता इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने हाल ही में घोषित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 452 हासिल की थी। लगातार दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर अजय गुप्ता ने रायगढ़ जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। अजय की सफलता से उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। परिणाम सामने आते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले अजय गुप्ता आज जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियां कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर किया जाए।

# बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की पहल एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी



■ घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मी कर रहे जागरूक, निःशुल्क उपलब्ध है वैक्सीन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 10 मई।** महिलाओं में ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम के लिए एच.पी.व्ही. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय माना जाता है। इसी उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरियों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग (15 वर्ष पूर्ण न किया हो) की बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

रायगढ़ शहर में स्थापित कोल्ड चैन प्वाइंट-शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर (जूटमिल) एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण किया जा है। अभियान के तहत 8 मई को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में 7 बालिकाओं तथा गांधीनगर जूटमिल केन्द्र में 4 बालिकाओं का सफल टीकाकरण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर अभिभावकों एवं किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ए.एन.एम., एम.पी.डब्ल्यू., क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिनें विशेष रूप से अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यह वैक्सीन शासकीय अस्पतालों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

**नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण**

# परिवारिक और आपराधिक प्रकरणों में आपसी राजीनामा से हुआ समाधान

■ न्याय आपके द्वार की भावना के साथ पक्षकारों को मिली राहत

■ मुख्य न्यायाधिपति ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 10 मई।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा आज जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली से वर्चुअल माध्यम से नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण करने के लिए प्रेरित करते हुए नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं।

नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला रायगढ़ एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभिन्न न्यायालयों में आपसी सहमति, समझौते एवं संवाद के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।

### चलने-फिरने में असमर्थ प्रार्थी तक पहुंची लोक अदालत

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय सारंगढ़-बिलाईगढ़, सिविल जिला रायगढ़ में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष डहरिया की खण्डपीठ क्रमांक-20 में लंबित प्रकरण छत्तीसगढ़ राज्य विरुद्ध मनोज सारथी में एक मानवीय पहल देखने को मिली।

प्रार्थी देवप्रसाद के पुत्र द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर बताया गया कि उनके पिता चलने-फिरने में असमर्थ हैं तथा घर में मोबाइल फोन की सुविधा नहीं होने के कारण वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी उपस्थित नहीं हो सकते। स्थिति को देखते हुए पैरालीगल वॉलेंटियर नारद प्रसाद श्रीवास को प्रार्थी के निवास तक भेजा गया। वहां प्रार्थी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजीनामे के संबंध में सहमति ली गई और ÷न्याय आपके द्वार÷ की भावना के अनुरूप प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

### कुटुम्ब न्यायालय में भी सुलह से जुड़े परिवार

कुटुम्ब न्यायालय रायगढ़ में पदस्थ न्यायाधीश विनोद देवांगन द्वारा भी पारिवारिक मामलों में समझाइश एवं आपसी संवाद के माध्यम से तीन परिवारों को पुनः जोड़ने में सफलता प्राप्त की गई। लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को विशेष प्राथमिकता दी गई।

### विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं की रही सक्रिय भागीदारी

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में विभिन्न बैंकों, फाइनेंस कंपनियों, विद्युत विभाग, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं पक्षकार उपस्थित रहे। सभी संबंधित विभागों के समन्वय से लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पीडब्ल्यूडी ने किया उपराष्ट्रपति के नाम पर हेलिपैड घोटाला : संदीप सोनी




राजनांदगांव 10 मई। हेलीपैड निर्माण में हुई अनियमितता ,सुरक्षा चूक और पुराने हैलीपेड को नया बता कर भुगतान किए जाने के संबंध में आज ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी के नेतृत्व में युवाओं ने पीडब्ल्यूडी में प्रतीकात्मक हेलिकाप्टर और हेलिपैड लेकर अनोखा प्रदर्शन और जम कर नारेबाजी किया। लोक निर्माण विभाग ने इस बार उपराष्ट्रपति के नाम हेलिपैड घोटाला करने का साहस कर दिखाया है ज्ञात हो राजनांदगांव में बीते वर्ष नवंबर में उपराष्ट्रपति के दौरे हेतु तीन हेलीपैडों का पुलिस लाइन में निर्माण किया गया था। वही एक पुराने हैलीपेड की रिपेयरिंग कर उसे नया बता कर भुगतान किया गया है।

उपराष्ट्रपति का दौरा 5 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ, जबकि हेलीपैड निर्माण के लिए कार्य आदेश दौरे के 12 दिन बाद 17 नवंबर 2025 को जारी किया गया। यह स्पष्ट करता है कि कार्य बिना किसी पूर्व निविदा या स्वीकृत प्रक्रिया के किया गया और कागजी औपचारिकताएं बाद में पूरी की गईं। वही हेलीपैड जैसे संवेदनशील निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति 'रोड एसओआर' से दी गई, जबकि कार्य 'बिल्डिंग एसओआर' से कराया गया। सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती थी। निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन दौरे के 63 दिनों बाद 8 जनवरी 2026 को एसडीओ द्वारा किया गया, जो कार्य की पारदर्शिता और सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। वही तीन नए हैलीपेड निर्माण बताया गया है उक्त कार्य लगभग 7-8 लाख रुपये की लागत का था, जबकि एक पुराने हैलीपेड को नया बता कर कुल 13 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि इस पूरे प्रकरण में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर कार्य और भ्रष्टाचार किया गया है। युवा कांग्रेस की मांग है इस गंभीर घोटाले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए ऐसा नहीं होने पर युवा कांग्रेस का जनआंदोलन जारी रहेगा। उक्त प्रदर्शन में विशेष रूप से कांग्रेस प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, कांग्रेस प्रदेश सेवादल सचिव हर्ष खोपरागड़े,वरिष्ठ कांग्रेसी तामेश्वर बंजारे , आशीष सोनकर,लक्ष्य सिंह,निमेष लहरें, कृष्णा सिन्हा,ईश्वर वरके,पुष्कर निर्मलकर, आशीष,संतोष,लोमेश,अर्जुन यादव लक्की निर्मलकर,आदि शमिल रहे।

## एक नजर

### न धन की कमी से रुकेगी पढ़ाई, न रुकेगा इलाज : बृजमोहन अग्रवाल



रायपुर 10 मई। नर सेवा ही नारायण सेवा है। मेरा प्रयास है कि धन के अभाव में न तो किसी युवा की शिक्षा रुके और न ही किसी बीमार का इलाज रुके यह कहना है रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने जनसेवा और सांस्कृतिक संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शनिवार को 200 हितग्राहियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रामायण मंडली, भजन मंडली और जसगीत मंडलियों को संस्थागत अनुदान प्रदान किया। जिसके तहत कुल 20 लाख रुपए की अनुदान राशि के चेक वितरित किए। सांसद श्री अग्रवाल ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हुए बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाई। उन्होंने कहा कि, यह अनुदान राशि सीधे तौर पर उन परिवारों को संबल देगी जो विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे हैं धन की कमी के कारण गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित न हो, या कोई गरीब मरीज पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए इसलिए यह अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर को सहेजने के लिए श्री अग्रवाल ने रामायण मंडली, भजन मंडली और जसगीत मंडलियों को संस्थागत अनुदान प्रदान किया। उनका मानना है कि ये मंडलियाँ हमारे समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती हैं।

### जनसमस्या निवारण शिविर 12 को

**बालोद, 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका बालोद स्थित सरदार पटेल मैदान एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परिसर माहुद अ में 12 मई 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बालोद में आयोजित शिविर के सफ्ल आयोजन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री खिरोद भोई (मो. 9340722292) को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता श्री विजय मेहतरा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। माहुद अ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम देवरी द, गोड़ेला, खुरसुनी, चिरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, मोहंदीपाट, बघेली, बघेली, खुरसूल, गब्दी, माहुद (अ), अर्जुनी, टिकरी, बोरगहन, डुड़िया, मटिया (अ), देवगहन, ओड़ारसकरी, चीचा, भिलाई और तिलखैरी के ग्रामीण शामिल होंगे। ग्राम पंचायत परिसर माहुद अ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफ्ल आयोजन हेतु उप संचालक पंचायत श्रीमती काव्या जैन (मो. 8827173295) को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे और अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री विशाल नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 11 मई को कपिलेश्वर शिव मंदिर में राष्ट्रव्यापी स्मरण उत्सव का आयोजन

**बालोद, 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' को 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक एक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 11 मई 2026 को बालोद जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्राचीन कपिलेश्वर शिव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुरूर ब्लाक के पलारी एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर स्थित प्राचीन शिवालयों के साथ-साथ जिले के शिवालयों में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्लाक एवं तहसील स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से संपन्न किया जाएगा।

### आमगांव कु. में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 882 आवेदन प्राप्त

# सुशासन तिहार के शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को मिली राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 10 मई। राज्य शासन की मंशानुसार जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आमगांव कु. में जनसमस्या निवारण शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली तथा विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही समस्याओं के समाधान की पहल की गई।



क्लस्टर आमगांव कु शिविर में 13 ग्राम पंचायत अछोली, आमगांव, चिरचारीकला, चिरचारीखुर्द, घुपसाल, हालाडुला, केरेगांव, खुर्सीटिकुल, कुमरदा, मुंजालकला, मुंजालपथरी, सागर एवं सोमाझीटीया के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों से प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण करना था। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, वन, श्रम तथा पशुपालन सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में कुल 882 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सभी आवेदन मांग संबंधी थे। विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को अभिनंदन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं बिहान महिला स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु 12 लाख रूपए के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए। इसके अलावा नवीन राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र, स्वच्छता किट एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र भी प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई तथा पोषण किट का वितरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्री गोपाल सिंह भूआर्य, श्रीमती अनीता मंडावी एवं श्रीमती बीरम मंडावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्री एकांत चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी मंडावी, श्रीमती भेष बाई, श्रीमती भारती देवांगन, डॉ. ओम प्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती पिंकी देवपंद्रो, जनपद पंचायत सीईओ श्री होरीलाल साहू, तहसीलदार श्री विजय कोठारी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जयंती पर महापौर ने महाराणा प्रताप प्रतिमा पर किया माल्र्यापण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 10 मई। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 9 मई को रामकृष्ण नगर चैक में नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर श्री मधुसुदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल के अलावा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा में माल्र्यापण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के सिसोदिया राजपूत राजवंश के एक महान शासक और योद्धा थे जिन्होने मुगल बादशाह अकबर के सामने झुकने के बजाय संर्घष चुना वे अपनी वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम के लिए अमर है। उन्होने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय, वफादार और बहादुर घोडे का नाम चेतक था। कहा जाता है कि वे युद्ध के मैदान में 81 किलो का भाला और लगभग 72 किलो का कवच पहन कर लड़ते थे। उन्होने मुगलो से मेवाड़ के अधिकांश हिस्से को वापस पाने में सफ्लता हासिल की। महापौर ने कहा कि ऐसे महान शासक और योद्धा के जयंती मनाने पर गौरव का अनुभव हो रहा है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल ने भी महाराणा प्रताप जी के जयंती पर उनके योगदानों को याद किया। माल्यार्पण अवसर पर पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री दुरेन्द्र साहू, सेवक उइके, मनोहर यादव, संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुंरजेकर, व श्री संतोष निर्मलकर, करनी सेना अध्यक्ष श्री संजय बहादुर सिंह सहित प्रमोद साहू, जीवन चतुर्वेदी, गोल्डी भदोरिया, ढालेश वैष्णव, आशीष सिन्हा, कांति मौर्य, संगीता मानिकपुरी, दुर्गा सिंह गौरीराहा, रीता राहा, नरेश कोचरे आदि उपस्थित थे।

## नगर जनगणना अधिकारी का भ्रामक जानकारी से सतर्क रह कर कार्य करने का आव्हान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 10 मई। जनगणना निर्देशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण का कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। इस हेतु नगर पालिक निगम को 339 मकानसूचीकरण ब्लाक में विभाजीत करते हुए प्रगणक एवं 56 सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गई। प्रगणक को अपने मकानसूचीकरण ब्लाक की गणना समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। प्रगणकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिये जाने हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है एवं विभिन्न सोशल मीडिया के ग्रुप तैयार किया गया हैं।

प्रगणको को उनकी नियुक्ति आदेश के साथ ही परिचय पत्र प्रदान किया गया है। कर्मचारियों को निर्देशालय के निर्देशानुसार पर्याप्त प्रशिक्षण उपरान्त दायित्व सौंपा गया है जिसका निर्वहन भली भाती किया जा रहा है। प्रगणको का प्रशिक्षण दिन भर संचालित होने से उन्हें सुबह नास्ता चाय, दोपहर का गरम खाना एवं शाम में चाय सहित प्रशिक्षण दिया गया। कतीपय मीडिया में यह भ्रामक समाचार प्रकाशित किया गया हैं कि केवल पुड़ि रायतां खिला कर प्रशिक्षण दिया गया है एवं 45 डिग्री तापमान में गणना कार्य कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दर्मियान प्रगणकों को कोई समय सीमा की बाध्यता तय नहीं की गई है अपितु प्रगणक अपने सुविधा अनुसार समय समय पर स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए जिस समय पर अधिक लोग घर पर मिलने की संभावना हो ऐसे समय पर गणना करने कहा गया है प्रत्येक प्रगणक को प्रथम चरण में 9000रू, मानदेय दिया जावेगा की जानकारी दी गई हैं। प्रगणको को जनगणना निर्देशालय से किट प्राप्त होते ही तत्काल वितरण किया गया है। सामग्री की सूची भेजी गई है। जिन सामग्री की कमी पायी गई है की मांग निर्देशालय से किया गया है।

नगर जनगणना आधिकारी द्वारा प्रगणको से भ्रामक जानकारी में न पड़ते हुए कार्य करने कहा गया है तथा आम जनों से अपील की गई है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है जिसे हर व्यक्ति को अपने स्व स्फुर्ती से आगे आकर प्रगणको को जानकारी दिये जाने कहा है।

## रेल्वे महाप्रबंधक को विधायक इंद्र साव ने सौंपा मांगपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा 10 मई। रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को विधायक इंद्र साव ने जनहित रेल यात्री हित में एक मांग पत्र सौंपा। विधायक इंद्र साव ने बताया संयुक्त जिले का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। उसके बावजूद भी भाटापारा में रेल यात्री सुविधाओ में काफी कमी है।विधायक साव ने ज्ञापन में ईस्ट केबिन हटरी बाजार LC गेट में बने RUB की सड़क को डामरीकृत करते हुए,वहां की लाइटिंग व्यवस्था को सुसज्जित करने,भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य को रेल यात्रियों के हित में शीघ्र पूरा करने,बिलासपुर से खुलने वाली 12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस

,20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस 12851/12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस और 22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का भाटापारा (byt) स्टॉपेज देने, रायपुर बिलासपुर के मध्य कम से कम 2 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, 08261/08262 बिलासपुर यहलांका एक्सप्रेस को Renumber 18261/18262 के साथ शीघ्र प्रारंभ करने, 12771/12772 सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, प्लेटफार्म नम्बर 3 और 4 में मिस्ड कूलिंग सिस्टम लगाने, सहित नए प्लेटफार्म नम्बर 5 में रायपुर दिशा से आने वाली डाउन ट्रेनों को लेने, रायपुर बिलासपुर सेक्शन होकर चलने वाली तमाम ग्रीष्म कालीन,शीत कालीन,पूजा,होली,दिवाली जैसी स्पेशल ट्रेनों (ञ्शश्स्र) का स्थाई रूप से भाटापारा ठहराव सुनिश्चित करने स्टेंडिंग आदेश जारी करने,बिलासपुर से बालोद,गुण्डरदेही, दल्ली राजहरा के लिए सीधी डेमू,मेमू ट्रेन चलाने,ऑटो रिक्शा चालकों के लिए स्थाई रूप से स्टैंड बनाने,रेल्वे कॉलोनी की ओर रेल टिकट घर खोलने,लिफ्ट और एक्सीलेटर की सुविधा प्रदान करने की मांग शामिल है।

### संस्कारधानी नगरी की होनहार बेटी गुलअफ्शा शेख ने दिखाई अपनी काबिलियत

राजनांदगांव 10 मई। मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि यह सिर्फ एक परीक्षा पास करना नहीं, यह आने वाले समाज की दिशा तय करने जैसा कदम है, जहां शिक्षा, अनुशासन और मेहनत को नई पहचान मिल रही है, उसी दिशा में गुलअफ्शा शेख ने मेहनत कर के माता-पिता की अथक प्रयास और लगन कड़ी मेहनत और कुछ बनने का जज्बा लेकर आज समाज सहित संस्कारधानी नगरी का नाम रौशन किया हैं। पूरा नगर सहित शिक्षा जगत आप पर फक्र-गर्व महसूस कर रहा हैं। कड़ी मेहनत और पक्के इरादों ने आज सफ्लता का परचम लहरा दिया है, ये शुरूआती बड़ी उपलब्धि है कि सीजी दसवीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम में गुलअफ्शा शेख पिता अब्दुल हकीम शेख, निवासी-जूनी हटरी, राजनांदगांव ने 90 प्रतिशत मार्क्स लाकर स्कूल में फर्स्ट रैंक हासिल किया हैं।

### साहू मोहल्ला लखोली समिति चुनाव 10 मई को, विभिन्न पदों के लिए रोमांचक मुकाबला

राजनांदगांव 10 मई। साहू मोहल्ला लखोली समिति के आगामी चुनाव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। यह चुनाव 10 मई रविवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समिति के विभिन्न पदों के लिए कई उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं जिससे चुनावी माहौल काफी रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बन गया है। अध्यक्ष पद के लिए श्री प्रवीण साहू, श्री हीरा साहू, श्री लखन साहू और श्री संतोष साहू के बीच मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए श्री उमेश साहू और श्री तरुण साहू अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए श्री शत्रुघन साहू और श्री कृष्णा साहू के बीच चुनाव होगा, जबकि सचिव पद के लिए श्री खेमलाल साहू और श्री नंद कुमार साहू आमने-सामने हैं। विशेष बात यह है कि सहसचिव पद के लिए श्री थानेश्वर साहू निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं जिससे इस पद पर चुनाव की आवश्यकता नहीं पड़ी। समिति के सदस्यों और क्षेत्रवासियों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। यह चुनाव न केवल समिति के भविष्य की दिशा तय करेगा बल्कि मोहल्ले के विकास कार्यों को नई गति देने में भी अहम भूमिका निभाएगा।



### नेशनल लोक अदालत में 597 मामलों का निराकरण




**तिल्दा नेवरा 10 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा में आयोजित नेशनल लोक अदालत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आपसी सहमति और संवाद के जरिए न्याय प्रक्रिया को न केवल सरल बनाया जा सकता है, बल्कि वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित समाधान भी संभव है।व्यवहार न्यायालय तिल्दा नेवरा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित लोक अदालत में कुल 597 मामलों का निराकरण किया गया। इस दौरान 695800 रुपये के अवार्ड पारित हुए और सैकड़ों लोगों को राहत मिली। लोक अदालत में क्रिमिनल मामले चेक बाउंस मामले ,ट्रेफ्फ्कि चालान , बैंक संबंधी ,मोटर दुर्घटना क्लेम, बीमा विवाद, पारिवारिक मामले, बिजली बिल, संपत्तिकर, जलकर और अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का समाधान किया गया। कई मामलों में वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को राहत मिली, जबकि विभागों को भी लंबित वसूली और विवादों के निपटारे का अवसर मिला।

## प्रदूषण को लेकर पेपर मिल और पेट फूड कंपनी पर उठे सवाल

- शिवनाथ नदी में दूषित पानी छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश
- जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने उठाई आवाज, कंपनियों को दी चेतावनी प्रदूषण रोको, वरना होगी उच्च स्तरीय शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 10 मई। जिले में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। शिवनाथ नदी में औद्योगिक इकाइयों द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी से आसपास के गांवों के लोग परेशान हैं। इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाया है जिससे प्रशासन और संबंधित कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने झींका स्थित धनलक्ष्मी पेपर मिल को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि कंपनी का गंदा पानी सीधे शिवनाथ नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। इससे ग्राम सुखरी, बरसनटोला और अन्य निचले क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नदी का पानी उपयोग योग्य नहीं रह गया है पशुओं के पीने के लिए भी असुरक्षित हो चुका है दूषित पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है भूजल स्तर भी प्रभावित हो रहा है ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर गहरा आक्रोश है। श्रीमती साहू ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि यदि कंपनी द्वारा दूषित पानी के प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीणों द्वारा उच्च स्तर पर शिकायत दर्ज कराई जाएगी जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह कंपनी की होगी। इस मामले में ढुल्स पेट फूड प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राम पंचायत सुखरी के पत्र का जवाब देते हुए कहा है कि कंपनी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रयोग किए गए पानी को नाली में बहाने की प्रक्रिया रोक दी है भविष्य में भी दूषित पानी नहीं छोड़ा जाएगा इसका आश्वासन दिया गया है बारिश के पानी के उचित निकास के लिए ग्राम पंचायत से सहयोग मांगा गया है स्थानीय कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने की बात भी कही गई है विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह का औद्योगिक प्रदूषण न केवल जल स्त्रोतों को नुकसान पहुंचाता है बल्कि जलजनित बीमारियों को बढ़ावा देता है कृषि और पशुपालन पर असर डालता है लंबे समय में पूरे क्षेत्र की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा सकता है अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और कंपनियां अपने वादों पर कितना अमल करती हैं। ग्रामीणों की नजर अब ठोस समाधान पर टिकी है। राजनांदगांव में यह मामला सिर्फ एक स्थानीय समस्या नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह संकट और गहरा सकता है।

### नाम परिवर्तन की सूचना

मैं शपथकर्ता पीलेश्वर साहू नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम - धनेन्द्र / पिता पिलेश्वर (अंग्रेजी में DHANEDRA / PILESHWAR) अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है एवं उनके जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक रिकार्ड में उनका नाम घनेन्द्र साहू पिता पिलेश्वर साहू (अंग्रेजी में GHANENDRA SAHU / PILESHWAR SAHU) अंकित है जो सही है।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिपूर्ण अंकित होने से उनको शैक्षणिक कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आधार कार्ड में उनका सही नाम घनेन्द्र साहू पिता पिलेश्वर साहू अंकित करवाना चाहता हूँ।

मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका सही नाम - घनेन्द्र साहू पिता पिलेश्वर साहू (GHANENDRA SAHU / PILESHWAR SAHU) अंकित करने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रहा हूँ जो पूर्ण रूप से सही है।

ह.
पिलेश्वर साहू

धनेन्द्र आधार कार्ड नम्बर - 5285 2696 0912
पिलेश्वर आधार कार्ड नम्बर - 3686 6812 5538

# उसूलों पर जो आंच आये तो टकराना जरूरी है... जो जिन्दा हो तो फिर जिन्दा नजर आना जरूरी है...




अब यह तो स्पष्ट हो चुका है भाजपा, चुनाव आयोग के गठबंधन (?)से 30 से 40त्न वोट से चुनाव जीतती है तो इन परिस्थितियों में जब विपक्ष एक नहीं टुकड़ों में बटा है तो विपक्ष को 40त्न से ज्यादा वोट कँहा से आएंगे। विपक्ष एक जुट हो मतभेद, आकांक्षाओं को भूल संयुक्त मोर्चा बना कर लड़ाई नहीं लड़ेगा तब तक भाजपा का शासन रहेगा कटुसत्य हैऔर् जनता विपक्षी दलों के आपसी मतभेद का नुकसान झेलती रहेगी और् भाजपा के स्वयं हित के लिये निर्णयों का शिकार होती ही रहेगी। 05 राज्यों के चुनावों में पश्चिम बंगाल में आजादी के बाद पहली बार भाजपा की सरकार बनी है, करीब 30 साल कांग्रेस, 34 कम्युनिस्ट पार्टी, 15 साल टी?मसी की सर कार के बाद पहली बार कमल खिला, असम पाण्डुचेरी में भाजपा, केरलम में कांग्रेस की सरकार बनना तय है तो तमिलनाडु में मिलीजुली सरकार बन सकती है, अब भाजपा 'कॉग्रेसमुक्त' नहीं 'क्षेत्रीय दलमुक्त भारत' बनाने की दिशा में कदम बढा चुकी है।2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद नरेन्द्र मोदी के खाते में दो बड़ी सफ्लताएं जुड़ चुकी हैं। एक तो बिहार में अपना सीएम बनाना, दूसरा प.बंगाल में भाजपा की सरकार बनाना। इन सफ्लताओं में ईवीएम धांधली, एसआई आर, चुनाव आयोग के पक्ष पाती रवैये का कितना योगदान है, अलग विश्लेषण का विषय है।लेकिनअब क्षेत्रीय दलों के लिए भाजपा का ऐसा प्रदर्शन उनके अस्तित्व के लिये बड़ी चुनौती बन चुका है। महाराष्ट्र में भाजपा को शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस ने सत्ता से बाहर किया तो भाजपा ने पहले शिवसेना, फ्रि एनसीपी को ही तोड़ दिया। अब राज्य में ये क्षेत्रीय दल मजबूत नहीं रह गये हैं, अकेले भाजपा का मुकाबला कर सकें। हरियाणा में भाजपा ने यही खेल जेजेपी के साथ खेला। ओडिशा में बीजू जनता दल को विपक्ष में बैठने पर मजबूर किया, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल लालू प्रसाद के कारण बचा हुआ है, लेकिन वह भी कब तक कहा नहीं जा सकता..?लोकजन शक्ति पार्टी भाजपा ने तुड़वा ही दी है। जनतादल यूनाइटेड भाजपा के साथ सत्ता में है, नीतीश को सीएम की कुर्सी से उतरवाकर भाजपा ने उसे भी ज़मीनी हक़ीक़त से परिचित करा दिया है, दिल्ली में आम आदमी पार्टी को पहले हराया और अब तोड़ दिया गया है। ले देकर इस समय केवल पंजाब में ही आप की सरकार है। शिरोमणि अकाली दल भी भाजपा ने ख़त्म ही कर दिया है। अगले साल के चुनाव बताएंगे, यहां कांग्रेस पहले की तरह जीत दर्ज़ करती है या भाजपा के खाते में पंजाब आएगा? चुनौती अगले साल उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव के सामने होगी, जिसमें वे भाजपा को हरा सके तो समाजवादी पार्टी का अस्तित्व मजबूत होगा। बसपा पहले भाजपा के सामने घुटने टेक चुकी है। मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, नगालैंड जैसे राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, भाजपा किसी न किसी तरह शामिल है।असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल में अब भाजपा की अपनी सरकार है। झारखंड में झामुमो के साथ कांग्रेस की सरकार है इसके अलावा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल में भी कांग्रेस सत्ता में है। यानी पंजाब छोड़ किसी राज्य में गैर भाजपाई, गैर कांग्रेसी सरकार नहीं है। 2029 के चुनाव की तस्वीर स्पष्ट हो रही है, जिसमें भाजपा- कांग्रेस आमने- सामने रहेंगे, बाकी क्षेत्रीय दल तो हाशिये पर ही दिखेंगे... ?केजरीवाल को पंजाब में निपटा दिया जाएगा! चंद्रबाबू नायडू का भी यही हाल होगा, अखिलेश का भी यही परिणाम तय है..भाजपा अगर बंगाल जीत सकती है, आने वाले दौर में दक्षिण में ही प्रयोगशाला बनाई जाएगी! केरलम में अभी तो कांग्रेस सरकार आई है, भाजपा वालों के हाथों में झुरझुरी हो रही होगी, मतलब खुशी हो रही होगी..तमिलनाडु में थाला पति विजय पर अभी कुछ कहना जल्दबाज़ी ही होगी.., कांग्रेस मुक्त भारत का ख्वाब देखने वाली भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों से मुक्त करने में लगी हुई है... वो दिन दूर नहीं जब दो ध्रुव ही बचेंगे... अब आप तय करें कि वो उचित होगा या नहीं.. होना यही है...?




### मोदी मंत्रिमंडल में शामिल 2 राज्यमंत्री विस चुनाव हारे.....

देश में हाल ही के 5 राज्यों के विस चुनाव में 3 राज्यों में भाजपा की सरकार बनी वहीं देश में पॉपुलर नरेंद्र मोदी की मंत्रिमंडल में शामिल संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन और् मत्स्य पालन राज्यमंत्री जार्ज कुरियन विधानसभा चुनाव ही हार गये हैं।मोदी मंत्रिमंडल के 2 सदस्य तथा मप्र से राज्यसभा सदस्य एल.मुरुगन तमिलनाडु के अविनाशी विस से और् जार्ज कुरियन केरलम के काँजी पल्ली विधानसभा से चुनाव हार गये हैं।

### बस्तर में 5 हजार साल पुरानी बसाहट...!

छत्तीसगढ़ के बस्तर में मौजूद मानव विज्ञान केंद्र, भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक कार्य करने जा रहा है, बस्तर के जंगलों में मिले करीब 5 हजार साल पुराने शैल चित्रों में महिलाओं, पुरुषों, बच्चों की मौजूदगी का पता लगा रही है वहीं पत्थरों और दीवारों पर उकेरे गये शैल चित्रों का डिजिटिलाइजेशन किया जा रहा है, बस्तर में प्रागैतिहासिक काल के कई महत्वपूर्ण साक्ष्य उभरकर सामने आ रहे हैं...! कांकेर, कोंडागांव, अबूझमाड़ में मिले शैल चित्रों के अलावा बस्तर में 31 साइटों की पहचान की गई है, उस काल के इंसानों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं, प्रमाण पत्थरों पर उकेरे गये शैलचित्रों में दिखाई दे रहे हैं।कई जगह रंगीन चित्र हैं कई जगहों पर लोहे से भी चित्र बनाए गए हैं।खास बात यह है, शैलचित्र 5 हजार सालों से भी अधिक पुराने हो सकते हैं, यानि उस समय भी बस्तर में मानव सभ्यता मौजूद थी, मानवविज्ञान केंद्र के अधीक्षक पीयूष रंजन साहू के अनुसार बताया कि बस्तर के कांकेर में जो शैलचित्र मिले हैं, मानव हाथ के निशान के साथ बच्चे, महिला के हाथ के निशान है, पुरुष हाथ के निशान का आकार काफी बड़ा है, जो आज भी आम इंसान से कहीं ज्यादा बड़ा लगता है।इसलिए एलियन साइट भी कहा जाता है...हालांकि मानव वैज्ञानिकों का मानना है कि हजारों साल पहले इंसान न केवल एक परिवार की तरह रह रहा था, बल्कि बस्तर की कई गुफाओं में उसने चित्रकला में भी पारंगत हासिल कर ली थी, अलग -अलग शैलचित्रक भी शिकार तो कभी आमजन जीवन का विवरण देते हैं।कई चित्रों में शिकार के दौरान हथियार के इस्तेमाल के भी चित्र दिखाई देते हैं। इससे पता चलता है कि लोहे का उपयोग बस्तर में स्थानीय लोग हजारों सालों से कर रहे होंगे यह पहली बार है जब बस्तर में इस तरह सर्वेक्षण का काम किया जा रहा है।अबूझमाड़-नारायणपुर कांकेर सहित पूरे बस्तर में 31 ऐसी जगह हैं, जहां इस तरह के शैल चित्र दिखाई दिए हैं।जल्दी ही वैज्ञानिक तकनीक से (रॉकडेटिंग) की जाएगी।



### ताड़मेटला नक्सली कांड: जाँच में गंभीर खामियाँ....

ताड़मेटला नक्सली मामले में 7 मई 2026 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए, 2010 के ताड़ मेटला नक्सली हमले मामले में आरोपियों को बरी करने के निचली अदालत (ट्रायलकोर्ट) के फैसले को बरकरार रखा है, हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ संदेह से परे अपराध साबित करने में विफ्ल रहा। अदालत ने जांच में गंभीर खामियों, गवा हों के मुकरने, फॉरेंसिक रिपोर्ट की कमी और शिनाख्ती परेड न होने जैसी कमियों पर कड़ी टिप्पणी की, हाईकोर्ट ने माना है कि 76 जवानों की शहादत गहरी त्रासदी, राष्ट्रीय चिंता का विषय है, लेकिन कानूनी रूप से स्वीकार्य साक्ष्यों के अभाव में सजा नहीं दी जा सकती, बस्तर क्षेत्र के सुकमा में ताड़मेटला में 6 अप्रैल 2010 को हुआ नक्सली हमला भारत के इतिहास में सुरक्षा बलों पर सबसे घातक हमलों में से एक है, जिसमें सीआर पीएफ के 76 जवान शहीद हुए थे।

### और अब बस......

- ममता बैनर्जी खुद ही विधानसभा चुनाव हार गई हैं।
- असम में कॉग्रस अध्यक्ष तरुण गोगाई भी विस चुनाव हार गये हैं।
- तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी सितारों का प्रभाव कोई नई बात नहीं। एमजी रामचंद्रन और जयललिता के बाद अब थलपति विजय को लेकर चर्चा तेज़ है।

# बृजमोहन अग्रवाल ने बांटे 200 हितग्राहियों को 20 लाख के चेक

**रायपुर, 10 मई।** रायपुर सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने जनसेवा और सांस्कृतिक संरक्षण की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शनिवार को 200 हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए। ÷नर सेवा ही नारायण सेवा÷ के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक संस्कृति के संवर्धन के लिए कुल 20 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई।



**धन के अभाव में न रुके पढ़ाई और इलाज :** इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने भावुक होते हुए कहा, ÷मेरा प्रयास है कि धन के अभाव में न तो किसी युवा की शिक्षा रुके और न ही किसी बीमार का इलाज रुके।÷ उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए व्यक्तिगत रुचि लेकर जरूरतमंदों की सूची तैयार करवाई। इस अनुदान का सीधा उद्देश्य उन गरीब परिवारों को संबल देना है जो विपरीत परिस्थितियों के कारण अपने बच्चों को पढ़ाने या अपनों का इलाज कराने में असमर्थ महसूस कर रहे थे।


**लोक संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का सम्मान:** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर को सहेजने के लिए अग्रवाल ने रामायण मंडली, भजन मंडली और जसगीत मंडलियों को भी संस्थागत अनुदान प्रदान किया। सांस्कृतिक मंडलियों को वाद्य यंत्र और अन्य आवश्यक सामग्री के लिए वित्तीय सहायता दी गई। अग्रवाल ने कहा कि ये मंडलियाँ समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती हैं, इसलिए इनका संरक्षण आवश्यक है।

**सर्वधर्म समभाव की झलक:** सहायता पाने वाले 200 हितग्राहियों में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे। खास बात यह रही कि इस मदद का लाभ सभी धर्मों और वर्गों के जरूरतमंद लोगों को मिला, जो सांसद की सर्वसमावेशी राजनीति की झलक पेश करता है।

# महंगाई से गरीब और मध्यम वर्ग परेशान : कांग्रेस

**रायपुर, 10 मई।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 980 रु. के पार है वह भी मिल नहीं रहा। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं।

5 राज्यो के चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार का असल रूप सामने आ गया है। मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता एवं मंदी की मार झेल रहीं व्यवसायिक संस्थानो, उद्योगों पर कुठाराघात किया है।घरेलू कामर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी कर दिया।एक मुश्त 993 रु की बढोत्तरी एवं प्रवासी श्रमिको एवं गरीब जनता द्वारा उपयोग किये जाने वाले 5 किलो वाली गैस सिलेंडर के दाम में 261 रु की वृद्धि कर दी है।बीते पांच माह में कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 1510 रु की वृद्धि हुई है जनवरी में 111रु फरवरी में 50रु मार्च में दो बार मिलाकर 146 रु अप्रैल मे 218 रु एवं मई में 993 रु की वृद्धि हुई है, अब घरेलू गैस एवं पेट्रोल डीजल के दाम में भी वृद्धि की संभावना है। इसका सीधा असर आम जनता, उद्योग, होटल रेस्टोरेंट, ढाबा एवं कामर्शियल गैस उपयोग करने वाले संस्त्रथानों पर पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार देश को असमानता और कर्ज की आग में झोंका दिया है।




## कैट महिला विंग ने मनाया मदर्स डे



**रायपुर, 10 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेष अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेष महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी मनोदेव गौडा ने बताया कि कैट टीम द्वारा मदर्स डे स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ कार्यरत महिलाओं के व्यवसाय को प्रोत्साहित करना रहा। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेष अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध ब्यूटीशियन काजल लालवानी द्वारा स्किन केयर टिप्स एवं हल्के समर मेकअप की जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं ने गर्मियों में त्वचा की देखभाल एवं सरल मेकअप तकनीकों को बड़े ध्यान से सीखा।

## कार्यशाला में आयकर अधिनियम पर चर्चा

**रायपुर, 10 मई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर द्वार बॉम्बे मार्केट स्थित चेम्बर भवन में ÷नवीन आयकर अधिनियम 2025 - प्रमुख प्रावधान एवं महत्वपूर्ण बदलाव÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजमेर से पधारे सुप्रसिद्ध टैक्स एक्सपर्ट एवं आईसीएआई के पूर्व क्षेत्रीय परिषद सदस्य सी.ए. अंकित सोमानी रहे, जिन्होंने व्यापारियों एवं प्रोफेशनल्स को नए कानून की बारीकियों और भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सी.ए. अंकित सोमानी ने विस्तार से बताया कि नया आयकर अधिनियम 2025 कर अनुपालन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।



## अमेजन ग्रेट समर सेल में शानदार बचत

**रायपुर, 10 मई।** गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसके साथ सीजन के सबसे बड़े ऑफर्स भी शुरू हो गए हैं। अमेजन इंडिया की ग्रेट समर सेल 2026 आपके लिए एक ऐसा वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है, जहां आप अपनी हर जरूरत का सामान खरीद सकते हैं, चाहे ठंडे पेय पदार्थों से गर्मी से राहत पाना हो, किचन के लिए जरूरी सामान स्टॉक करना हो या फिर अपने परिवार और पालतू जानवरों के लिए हेल्दी और पौष्टिक उत्पाद खरीदना हो। 'एवरीडे एसेंशियल्स' के विशेष समर स्टोर में कई श्रेणियों पर शानदार ऑफर्स मिल रहे हैं। ग्राहकों को गॉरमेट ग्रॉसरी, बेबी केयर, पेट केयर और हेल्थ एवं पर्सनल केयर उत्पादों पर 50त्न तक की छूट दी जा रही है। इस ऑफर में फार्मली, पिनटोला, योगाबार, बोर्जेस, टाटा सिंपली बेटर, व्हिस्कास, पेडिग्री, ड्रूल्स, हिमालया सहित कई प्रमुख ब्रांड्स शामिल हैं।

## डिजिटल रूप में सोना खरीदना-बेचना आसान

**रायपुर, 10 मई।** सोना खरीदने और बेचने के लिए अब सिर्फ ज्वेलरी की दुकान या फिजिकल गोल्ड पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। निवेशक अब सुरक्षित, पारदर्शी और डिजिटल तरीके से भी सोने में निवेश कर सकेंगे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) लॉन्च किए हैं, जिससे गोल्ड मार्केट में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। ईजीआर एक डिजिटल सर्टिफिकेट की तरह होता है, जो असली सोने के मालिकाना हक को दर्शाता है। यह सोना सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त वॉल्ट्स में सुरक्षित रखा जाता है और निवेशक इसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में होल्ड कर सकते हैं। सबसे बड़ी बात, इसे एक्सचेंज पर आसानी से खरीदा-बेचा जा सकता है, ठीक वैसे ही जैसे शेयर ट्रेड होते हैं। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा, ऊहमारा उद्देश्य निवेशकों को सोने में निवेश का एक आसान, सुरक्षित और पारदर्शी विकल्प देना है, जिससे ज्यादा लोग फाइनेंशियल सिस्टम से जुड़ सकें।ऊ इस पहल से निवेशकों को कई फायदे मिलेंगे, जैसे सोने की शुद्धता की चिंता खत्म, सुरक्षित स्टोरेज की सुविधा और कभी-भी खरीदी-बिक्री में आसानी। साथ ही, छोटे-छोटे हिस्सों में भी निवेश संभव होगा, जिससे ज्यादा लोग गोल्ड मार्केट से जुड़ सकेंगे। एनएसई ने इसकी शुरुआत के साथ 1000 ग्राम के गोल्ड बार को सफलतापूर्वक डिजिटल फॉर्म में बदलकर यह भी दर्शाया कि यह सिस्टम पूरी तरह तैयार है और भरोसेमंद तरीके से काम कर सकता है।

## लूपस दिवस मनाया गया

**रायपुर, 10 मई।** लूपस दिवस कार्यक्रम में रायपुर स्थित डी के हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के मेडिसिन एवं स्किन विभाग के प्रोफेसर, पोस्टग्रेजुएट छात्र एवं चिकित्सक शामिल हुए। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी एवं हीमेटोलॉजी विभाग की सहभागिता भी रही। लूपस जागरूकता दिवस के अवसर पर हर वर्ष 10 मई को विश्व लूपस जागरूकता दिवस मनाया जाता है, इसी तारतम्य में डी के सुपर स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल में भी आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि लूपस एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जो किशोरियों एवं युवा महिलाओं में अधिक पाई जाती है। इसके प्रमुख लक्षणों में बार-बार बुखार आना, त्वचा पर रैश, जोड़ों में दर्द, बार-बार खून की कमी होना एवं किडनी संबंधी गंभीर समस्याएं शामिल हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26